# राष्ट्रीय कृषि एवं ग्राम विकास बैंक नाबार्ड उ0प्र0 क्षेत्रीय कार्यालय के 43वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

लखनऊरू प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे0पी0एस0 राठौर ने उत्तर प्रदेश में कृषि और सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने मे नाबार्ड के योगदान की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नाबार्ड ने अपने निधारित लक्ष्यों को पूरा करने में सफलता प्राप्त की है और वर्तमान में यह भारत की ग्रामीण विकास यात्रा का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है। उन्होंने नाबार्ड की कार्य संस्कृति और उसके अधिकारियों की प्रशंसा की और सहकारी समितियों के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों को धैर्यपूर्वक सुनने और उनके समाधान प्रदान करने पर जोर दिया।

सहकारिता मंत्री ने शुक्रवार को गोमती नगर, लखनऊ स्थित राष्ट्रीय कृषि एवं ग्राम विकास बैंक (नाबार्ड) उ0प्र0 क्षेत्रीय कार्यालय के 43वां स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे, जिसका विषय सहकारिता से सशक्तिकरण रहा। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है जब उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाए। उन्होंने प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य में सहकारी समितियों और पैक्स को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया।

स्वागत भाषण देते हुए नाबार्ड उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक एस. के. डोरा ने उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय सहकारिता मंत्री का स्वागत किया तथा इस अवसर पर उपस्थित होने के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे नाबार्ड ने लाखों ग्रामीणों के दिलों को हुआ है तथा कैसे वर्ष 1992–93 के दौरान गरीबों के लगभग 500 स्वयं सहायता समूहों को औपचारिक वित्तीय संस्थाओं से जोडने के लिए एसएचजी–बीएलपी के साथ इसके प्रारंभिक प्रयोग को नाबार्ड द्वारा दुनिया के सबसे बड़े माइक्रोफाइनैस कार्यक्रम में बदल दिया गया है। उत्तर प्रदेश में अपनी स्थापना के बाद से नाबार्ड ने ग्रामीण बुनियादी ढांचे के वितपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे बाढ़ सुरक्षा उपायो, ग्रामीण विद्यालयों तथा वाटरशेड विकास पहलों के अलावा 54.11 लाख हेक्टेयर की सिचाई क्षमता, 3.01 लाख मीटर ग्रामीण पुल तथा 46000 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कें बनाने में मदद मिली है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि केसीसी नाबार्ड की प्रमुख वितीय इंजीनियरिंग पहलों में से एक है, जिसने उत्तर प्रदेश के लाखों किसानों को ऋण प्राप्त करने में आसानी प्रदान की है। पिछले 10 वर्षों में, नाबार्ड ने उत्तर प्रदेश में 62000 करोड़ रुपये से अधिक अल्पकालिक पुनर्वित, 22000 करोड़ रुपये दीर्घकालिक पुनर्वित और 18000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष पुनर्वित उपलब्ध कराया है। इन सभी उपलब्धियों को बताते हुए उन्होंने कमजोर सहकारी बैंकों के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला, जैसे उच्च एनपीए, उच्च असंतुलन, कम नेटवर्थ और कम लाभप्रदता तथा परिसंपतियों पर कम रिटर्न, जिसके लिए इन सहकारी बैंकों की वितीय स्थिति में सुधार के लिए केंद्रित कार्रवाई की आवश्यकता है।

इस अवसर पर नाबार्ड ने ग्रामीण विकास में विभिन्न हितधारकों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित किया। यूपीएससीबी और 10 डीसीसीबी तथा 03 पैक्स की व्यवसाय विस्तार, वित्तीय समावेशन और नई प्रौद्योगिकियों की अपनाने आदि में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। बाराबंकी जिले के मुबारकपुर और बरैया में और बहराइच जिले के कटरा बहादुरगंज में बहुउद्देशीय पैक्स को पैक्स कम्प्यूटरीकरण कार्य के तहत उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया, जिसने पैक्स के संचालन और व्यवसाय विविधीकरण में पारदर्शिता और बढ़ी हुई दक्षता का मार्ग प्रशस्त किया है जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। 03 एफपीओ अर्थात् ओजोन एफपीसी लिमिटेड, सीतापुर, पूर्वांचल पोल्ट्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, देवरिया और अल्फीजो सियाना मैंगो वैरायटी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, बुलंदशहर को भी अपने परिचालन क्षेत्र में छोटे और सीमांत किसानों की उपज के सामूहिकीकरण और उन्हें टिकाऊ व्यापार के अवसर प्रदान करने में उनके प्रदर्शन के लिए इस कार्यक्रम में सराहना की गई। समारोह में राज्य सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, राज्य भर के वरिष्ठ बैंकर्स और अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का समापन माननीय मंत्री द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के उपलक्ष्य में एक पौधा रोपने के साथ सम्पन्न हुआ।

# सुरेश कुमार खन्ना ने 5 जुलाई को साफ सफाई के संबंध में नगर निगम के चार वार्डों में किए गए निरीक्षण के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ की समीक्षा

## नगर निगम के गीतपल्ली वार्ड में हो रहे सीवर कार्यों को दिसंबर तक पूर्ण कराने के दिए निर्देश

लखनऊ (आरएनएस) उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जल निगम के अधिकारियों का निर्देश दिया कि लखनऊ नगर निगम के गीतपल्ली वार्ड में हो रहे सीवर कार्यों को दिसंबर तक पूर्ण किया जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीवर लाइन पड़ने के उपरांत तत्काल सड़क के शुरू कर दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यों में तेजी के साथ–साथ गुणवत्ता का भी पूर्ण ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों की नियमित मानीटिंग भी की जाए, मॉनिटरिंग से परिणाम बेहतर होते हैं। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को भी निर्देश दिया की साफ सफाई एवं कूड़ा निस्तारण का कार्य नियमित रूप से कराया जाए।

प्रभारी मंत्री गत 5 जुलाई को साफ सफाई के संबंध में नगर निगम के चार वार्डो में किए गए निरीक्षण के संबंध में आज विधानसभा स्थित कक्ष संख्या 15 में नगर निगम, लोक निर्माण विभाग एवं जल निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के दौरान अधिकारियों द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि सीवर लाइन का कार्य जल निगम द्वारा कराया जा रहा है, जिसे मंत्री जी ने दिसंबर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। सीवर लाइन का कार्य 114 किलोमीटर में पूर्ण किया जा चुका है जबकि 11 किलोमीटर का कार्य अभी किया जाना है। गीता पल्ली क्षेत्र में सीवर की कुल लंबाई 650 मीटर है। उन्होंने पीएम आवास योजना शारदा नगर में बनने वाली एस टी पी का भी फीडबैक लिया। जिसमें उन्हें अवगत कराया गया कि एस टी पी के निर्माण की टेंडर प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने निर्देश दिया कि टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण कर शीघ्रता के साथ एस टी पी का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। प्रभारी मंत्री ने निरीक्षण के दौरान गीतपल्ली वार्ड में कुछ अवैध डेयरियों का संचालन पाया था। इस पर अधिकारियों ने बताया कि डेयरियों को विस्थापित करने एवं अवैध डेयरी संचालकों द्वारा मुख्य मार्ग पर छोड़े गए पशुओं को पकड़ने हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही की गई है। अवैध डेरी को हटाए जाने हेतु समस्त पशुपालकों के विरुद्ध नोटिस की कार्यवाही की जा चुकी है। अभियान में लगभग 40 गाय एवं 07 भैंसो के पकड़ने की कार्यवाही की गई, जिसमें संबंधित पशुपालकों से लगभग 02 लाख 12हजार रुपए हर्जाना के रूप में अभी तक वसूला गया है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि गीता पल्ली सहित सभी वार्डों में सफाई कर्मियों द्वारा नियमित रूप से सफाई का कार्य कराया जा रहा है। नालियों की सफाई के साथ साथ कूड़ा निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकार की मंशा के अनुरूप शहर की साफ सफाई को और अधिक बेहतर बनाया जाए। कहीं से भी इस प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। अधिकारी नियमित सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें। सभी सफाई से जुड़े कार्मिक अपने संबंधित क्षेत्र में भ्रमण करें और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखें।

# सहकारिता विभाग को 07.60 लाख वृक्षारोपण हेतु लक्ष्य आवंटित

## अधिकारी इस लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करें -जे0पी0एस0राठौर

लखनऊ (आरएनएस) उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतत्र प्रभार) श्री जे0पी0एस0 राठौर ने आज उ0प्र0 कॉपरेटिव बैंक के सभागार में वृक्षारोपण अभियान 2024 के तहत सहकारिता विभाग को 07.60 लाख वृक्षारोपण हेतु आवंटित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा तैयार की जा रही रणनीति की वीडियो कॉन्फ्रिन्सिंग के माध्यम से गहन समिक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने "एक पेड़ माँ के नाम" लगाने का आवाह्न किया हैं प्रदेश के मुख्य मंत्री ने इसी क्रम मे पेड़ लगाओ–पेड़ बचाओं जन अभियान–2024 का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेश के समस्त विभागों को पौधारोपण का लक्ष्य आवटिंत किया गया है। उन्होंने कहा है कि बृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत सहकारिता विभाग के अधिकारी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करें इसमे जन–प्रतिनिधियों की भी सहभागिता भी सुनिश्चित करें। साथ ही रोपित पौधों को बचाने के लिए जन–जागरूकता भी उत्पन्न करें।

सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वृक्षारोपण अभियान के दौरान पौधारोपड़ की सम्पूर्ण तैयारी 19 जुलाई से पूर्व पूर्ण कर ले। इसके लिए व्यवस्थित योजना बनाये। जिले मे तैनात सभी अधिकारी जिला वन अधिकारी से समन्वय स्थापित कर के उनसे पौधे प्राप्त कर लिये जाये। जहाँ पेड़ लगाने है वहाँ पेड़ पहुँचा दिये जाये, गोबर व खाद की व्यवस्था कर, गड्ढे की खुदाई समय से कर ली जाये। सहकारी समितियों के संचालक गाँव मे पौधे लगाये। टी गॉर्ड की व्यवस्था करले जिससे पौधों को संरक्षित किया जा सकें। उन्होंने कहा कि सहकारिता अन्दोलन को बढ़ाने मे वृक्षारोपड़ की महत्वपूर्ण भूमिका है। सहकारिता वाटिका भी बनाये, इससे जमीन सुरक्षित रहेंगी। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री ने बैंक परिसर में चंदन का पौधा रोपित किया। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष उ0प्र0 कॉपरेटिव बैंक श्री जितेन्द्र बहादुर सिंह, प्रमुख सचिव सहकारिता श्री राजेश कुमार सिंह ने भी एक–एक पौधा रोपित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष उ0प्र0 कॉपरेटिव बैंक जितेन्द्र बहादुर सिंह, प्रमुख सचिव सहकारिता राजेश कुमार सिंह, प्रबन्ध निदेशक पी0सी0एफ0 संजय कुमार, प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0 कॉपरेटिव बैंकआर0के0 कुलश्रेष्ठ, अपर प्रबन्ध निदेशक कॉपरेटिव बैंक सतीश चंद्र मिश्र, मुख्य महा प्रबन्धक धीरज चंद्रा तथा प्रदेश के सभी मण्डलों एवं जनपदों के सहकारी समितियों के अधिकारी एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# प्री–बजट का दिखावा भी एक छलावा है, – अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि प्री–बजट का दिखावा भी एक छलावा है। जहां मनमानी होती है वहाँ सलाह–मशवरे का नाटक करना जनता की आंख में धूल झोंकना है। सरकार में अधिकतर मंत्रालय 'मन–त्रालय' बनकर रह गये हैं। जब मंत्री ही नहीं बदले हैं तो बजट में बदलाव कैसे आएगा? आर्थिक बदहाली का ये दौर यूं ही जनता को परेशानी और महंगाई के दलदल में धकेलता रहेगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नोटबंदी, जीएसटी, आम जनता पर ज्यादा टैक्स और अमीर कंपनियों पर कम टैक्स की घातक आर्थिक नीतियों की वजह से देश में असंगठित–अनौपचारिक काम–धंधों की 63 लाख इकाइयां बंद हो गयी हैं। इससे बेरोजगारी भी रिकार्ड स्तर पर पहुँच गयी है। ऐसे हालातों में जब 10 दिन बाद बजट पेश होना है, सरकार क्या किसी का सुझाव लेगी और क्या पहले से तैयार बजट में कोई बदलाव करेगी? कोविड जैसी त्रासदी के बाद जो आर्थिक हालात पैदा हुए हैं, उनमें भी सुधार न होना भाजपा सरकार की आर्थिक बदइंतजामी की ही नाकामी है। कहा कि भाजपा सरकार का बजट सुझाव पर नहीं कुछ लोगों के निर्देश पर बनता है। आर्थिक नीतियों के मामले में भाजपा सरकार की भूमिका टाइपिस्ट से अधिक नहीं रही है। सरकार का बस स्टेनो बनकर रह जाना अच्छा नहीं। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता को राहत देते हुए देश का विकास ही बजट का उद्देश्य होना चाहिए। जबकि भाजपा सरकार की नीति ही किसान, नौजवान, गरीब विरोधी है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। भाजपा ने अपनी गलत नीतियों से युवाओं को बेरोजगारी के महासागर में धकेल दिया है। पूंजी निवेश और औद्योगिक इकाइयों के लगने का अंतहीन इंतजार ही नियति में है। इस सरकार से अब किसी को कोई उम्मीद नहीं है।

# ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को बनाया जा रहा है स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर – केशव प्रसाद मौर्य

संवाददाता

लखनऊ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि मा0 प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा व सतत् मार्गदर्शन में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं व बच्चों के जीवन स्तर में निरन्तर सुधार हो रहा है और इस दिशा में सरकार द्वारा बहुत सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। देश व प्रदेश में पोषण आधारित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिनका प्रत्यक्ष असर भी दिखाई दे रहा है। आधी आबादी को पूरा अधिकार दिलाने के लिए सरकार निरन्तर व निर्बाध रूप आगे बढ़ कर कार्य कर रही है। परिणामस्वरूप महिलाओं की आमदनी बढ़ने साथ ही महिलाओ व बच्चों के पोषण स्तर में भी लगातार सुधार हो रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

ग्राम्य विकास आयुक्त श्री जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य नेतृत्व व मार्गदर्शन में किये गये भरसक प्रयासों से ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियों की आमदनी तो बढ़ी ही है, उनमें उत्साह की अभूतपूर्व अभिवृद्धि हुयी है। बी सी सखी, बैंक सखी, विद्युत सखी, आदि अलग–अलग स्वरूप में काम कर न केवल अपने व अपने परिवार के उत्थान की ओर अग्रसर है, बल्कि देश व समाज के उत्थान में भी योगदान दे रही है।

इनके कार्य क्षेत्र व सुविधाओ मे और अधिक इजाफा किया जा रहा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक श्रीमती दीपा रंजन ने बताया कि 38844 बी सी सखी द्वारा रू 25502 करोड़ से अधिक की धनराशि का लेन–देन करते हुये लगभग रू 68.43 करोड़ से अधिक का लाभांश अर्जित किया गया है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों की 15521 महिलाओं को विद्युत सखी के रूप में चयन किया गया है, जिसमें 10269 सक्रिय विद्युत सखियों द्वारा रू 867 करोड़ का बिल कलेक्शन करते हुए रू 13 करोड़ से अधिक धनराशि का कमीशन अर्जित किया गया है। समूहों के माध्यम से बुन्देलखण्ड में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी का संचालन किया जाना महिलाओं की आत्मनिर्भरता का ऐतिहासिक प्रयास है।

# झांसी का राजकीय संग्रहालय आगंतुकों एवं बच्चों के लिए बना आकर्षण का केन्द्र

## बुंदेलखंड प्रदेश के गौरवशाली इतिहास एवं सांस्कृतिक धरोहरों को नई पीढ़ी के लिए कौतूहल का विषय बना हुआ है -जयवीर सिंह

लखनऊ (आरएनएस) बुंदेलखंड क्षेत्र ऐतिहासिक, पौराणिक और प्राकृतिक धरोहरों से संमृद्ध है। इस क्षेत्र में कई ऐसे स्थल हैं, जो पर्यटकों को इतिहास से परिचित कराते हैं। झांसी का राजकीय संग्रहालय बुंदेलखंड की ऐसी ही धरोहरों को संजोए है। संग्रहालय का पूरी तरह डिजिटलीकरण इसे औरों से अलग करता है। म्यूजियम के भीतर का नजारा एक क्षण दर्शकों को चौंकाने पर मजबूर कर देता है जैसे दर्शक किसी विदेशी सरजमीं पर खड़े हैं। डिजिटल रूप में इतिहास की जानकारी पर्यटकों खासकर युवाओं और बच्चों को खासा आकर्षित कर रहा है। यह पूरा म्यूजियम झांसी की रानी को समर्पित है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग पर्यटकों को आकर्षित करने और नई पीढ़ी को इतिहास से रूबरू कराने का हरसंभव प्रयास करता रहा है। झांसी के राजकीय संग्रहालय की बदली तस्वीर ने उस प्रयास को मूर्त रूप दिया है। पर्यटकों के लिए यहां बहुत कुछ नया है। आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल कर आगंतुकों को झांसी और बुंदेलखंड के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। जयवीर सिंह ने बताया कि झांसी स्थित राजकीय संग्रहालय में आज की युवा पीढ़ी को गौरवशाली इतिहास की जानकारी देने के लिए कई तरह की आधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं। जैसे कि, प्राचीन समय के युद्ध का सजीव अनुभव कराने के लिए वर्चुअल रियलिटी (वीआर) तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इससे पर्यटक खुद को प्राचीन समय में युद्ध स्थल के बीच अनुभव करते हैं। यहां कई ऐसे डिजिटल बोर्ड हैं, जिस पर हाथ रखते ही इतिहास से जुड़ी जानकारियां आपको मिलने लगती हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि म्यूजियम में सबसे अधिक आकर्षित एक बड़ी सी पुस्तक करती है।यह किताब बोलती भी है, जिसे छूकर बच्चे पढ़ सकते हैं। दरअसल, यह पुस्तक प्रोजेक्टर और सेंसर की सहायता से तैयार की गई है। यह पुस्तक नए ढंग से इतिहास को प्रस्तुत करती है। बात इतिहास की आती है, तो सिक्कों का भी अपना ही इतिहास रहा है। सिक्कों के उसी प्राचीन इतिहास को संग्रहालय में होलोग्राम के माध्यम से पेश किया गया है। घूमते सिक्कों के साथ उसका इतिहास भी बताया जाता है। संग्रहालय में एक वर्चुअल हेलीकॉप्टर है, जो बच्चों और युवाओं में कौतूहल पैदा करता है। यहां बैठकर ऐसा महसूस होता है कि आप सही में हेलीकॉप्टर में बैठकर उड़ान भर चुके हैं। इस वर्चुअल हेलीकॉप्टर में उड़ान के आनंद के साथ शहर की मुख्य जगहों और उसके इतिहास के बारे में भी जानकारी मिलती है। जयवीर सिंह ने बताया कि बुंदेलखंड का इतिहास जितना गौरवशाली है, वहां के वीर–वीरांगनाओं की शौर्य गाथा उतनी ही पराक्रम से भरी हुयी है। झांसी स्थित राजकीय संग्रहालय का नया कलेवर उसी इतिहास को रोमांचक तरीके से नई पीढ़ी के सामने प्रस्तुत कर रहा है। म्यूजियम के बीचों बीच नॉलेज फाउंटेन नाम से एक सिस्टम लगा है, जहां बच्चेध्बड़े कोई भी अपने ज्ञान को परख रकते हैं। उल्लेखनीय है कि उ0प्र0 के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने म्यूजियम की तीन पूर्ण डिजिटलाइज्ड गैलरी का उद्घाटन 12 मार्च 2024 को वर्चुअली किया था। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि किसी भी देश और समाज के लिए उसका इतिहास बेहद जरूरी होता है। मौजूदा दौर में युवाओं–बच्चों को बुंदेलखंड और झांसी के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराने के लिए डिजिटल तकनीक का सहारा लिया गया है। ताकि, पर्यटकों को आसान और मजेदार तरीके से बुंदेलखंड के इतिहास से अवगत कराया जा सके। बुंदेलखंड के वीरों की शौर्य गाथा अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, यही हमारा प्रयास है। पर्यटन विभाग आगे भी ऐसी कोशिश जारी रखेगा। राजकीय संग्रहालय के उप निदेशक डॉ. मनोज कुमार गौतम ने बताया, संग्रहालय का नवीनीकरण झांसी विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने 10 करोड़ रुपए की लागत से करवाया है। स्मार्ट सिटी योजना के तहत म्यूजियम को हाईटेक बनाया गया है। संग्रहालय में वर्चुअल हेलीकॉप्टर राइडिंग के लिए औसतन 155 लोग प्रतिदिन आते हैं, मगर छुट्टियों के दिनों में इनकी संख्या बढ़ जाती है। बीते रविवार को 327 लोगों ने वर्चुअल हेलीकॉप्टर राइडिंग की। यह म्यूजियम झांसी किला के करीब है। प्रवेश शुल्क प्रति व्यक्ति 50 रुपए है। म्यूजियम में आगंतुक तमाम तरह की प्रदर्शनियों का आनंद भी ले सकते हैं।

# केन्द्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री से प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी ने मुलाकात की

लखनऊ (आरएनएस)रू उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने नई दिल्ली में केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजू जी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान अल्पसंख्यक समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। भेंट के दौरान खासतौर से मदरसा शिक्षा व्यवस्था एवं वक्फ संपत्तियों को व्यवस्थित करने के संबंधित विषय में चर्चा हुई। मदरसा आधुनिकरण एवं शिक्षकों के संबंध में चर्चा हुई। मदरसा शिक्षा को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के विषय में चर्चा हुई। अल्पसंख्यक नौजवानों को रोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

# तलाशी में लगभग 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

## सुसंगत धाराओं के अंतर्गत 02 अभियोग पंजीकृत किये गये

लखनऊ (आरएनएस) उत्तर प्रदेश के आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नितिन अग्रवाल के कुशल मार्ग दर्शन एवं आबकारी आयुक्त के आदेश के क्रम में जनपद लखनऊ में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 लखनऊ एवं थाना माल पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बहरौरा व अऊमऊ अंतर्गत थाना माल में दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान सघन तलाशी में लगभग 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। शराब को कब्जे में लेते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कुल 02 अभियोग पंजीकृत किये गये। लखनऊ के जिला आबकारी अधिकारी, श्री राकेश कुमार सिंह ने यह जानकारी आज यहां दी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त जनपद लखनऊ में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज देर रात्रि तक उनके नेतृत्व में आबकारी टीम द्वारा शहर के विभिन क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानो पर मदिरा पीने और पीलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। आबकारी निरीक्षक सेक्टर 9 व आबकारी निरीक्षक सेक्टर 10 की टीम द्वारा तहसीन गंज तथा बालाचुंगी के आस पास क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। ग्वारी चौराहा तथा खरगापूर गोमतीनगर विस्तार के आस पास क्षेत्र में आबकारी निरीक्षक सेक्टर 5 तथा आबकारी निरीक्षक सेक्टर 4 की टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर पीने–पीलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। बताया कि आबकारी निरीक्षक सेक्टर 6 की टीम द्वारा छठामिल के आस पास क्षेत्रों में सड़क पर पीने और पीलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान शराब की दुकानों के आस पास लगे ठेलो और ढाबों के आस पास के इलाकों को विशेष रूप से चेक किया गया। अभियान के दौरान आबकारी नियमों का उल्लंघन करने वाले एक व्यक्ति के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी। सार्वजनिक स्थानों पर पीने और पीलाने वालों तथा देर रात्रि तक शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# हमीरपुर एवं झांसी की विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 598.49 लाख रूपये मंजूर

## बुन्देलखण्ड विकास निधि राज्यांश के तहत मंजूर की गयी धनराशि

लखनऊ (आरएनएस) प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में बुन्देलखण्ड विकास निधि (राज्यांश) के अन्तर्गत जनपद हमीरपुर एवं झांसी की विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कुल 598.49 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि संबंधित जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी के निवर्तन पर रखी गयी है। नियोजन विभाग ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार जनपद हमीरपुर की 04 परियोजनाओं के लिए 190.73 लाख मंजूर किये गये हैं। इस धनराशि से कैमोखर से उमरी सम्पर्क मार्ग राठ कुछेछा मार्ग से नहर पटरी होते हुए कोठापुल तक सम्पर्क मार्ग, बसेला से गिरवर सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य तथा ग्राम कुम्हऊपुर से भरतपुरवा मार्ग तक का सड़क निर्माण कार्य कराया जायेगा। इसी प्रकार जनपद झांसी की 05 परियोजनाओं के लिए 407.76 लाख रूपये मंजूर किये गये हैं। इस धनराशि से झांसी के विभिन्न क्षेत्रों में सम्पर्क मार्ग का निर्माण तथा सम्पर्क मार्ग के नव निर्माण का कार्य कराया जायेगा।

## सी.एम.एस. छात्र को विश्व के सबसे प्रतिभाशाली छात्र का खिताब

लखनऊ, 12 जुलाई। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा–6 के छात्र आर्यांश चौहान को अमेरिका के प्रख्यात जॉन हॉपकिंस सेंटर फॉर टैलेंटेड यूथ (सी.टी.वाई.) द्वारा विश्व के सबसे प्रतिभाशाली छात्र के खिताब से नवाजा गया है। आर्यांश ने यह उपलब्धि सी.टी.वाई. टैलेंट सर्च परीक्षा में असाधारण प्रतिभा प्रदर्शन के आधार पर अर्जित की है। सी.टी. वाई. टैलेंट सर्च परीक्षा एस.ए.टी. (सैट) एवं ए.सी.टी. के समान ही छात्रों के वर्तमान पाठ्यक्रम से ऊपर उठकर उच्च स्तरीय पाठ्यक्रम पर आधारित होती है, जिसमें आर्यांश ने विश्व के 90 देशों के 16000 से अधिक छात्रों के बीच कड़ी प्रतिस्पिर्धा में 99 परसेन्टाइल के साथ ग्रैण्ड ऑनर का खिताब अर्जित कर अपने



ज्ञान–विज्ञान एवं बहुमुखी प्रतिभा का परचम लहराया है। यह परीक्षा लिखित एवं साक्षात्कार के दो स्तरों पर आयोजित हुई। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने आर्यांश की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर प्रो. किंगडन ने कहा कि आर्यांश की यह उपलब्धि वैश्विक स्तर पर सी.एम.एस. छात्रों की प्रतिभा व क्षमता को रेखांकित करती है। उन्होंने सी.एम.एस. शिक्षकों का भी हार्दिक आभार व्यक्त किया है। सीटीवाई परीक्षा छात्रों के किताबी ज्ञान का परीक्षण ही नहीं है अपितु इसमें छात्रों की सृजनात्मक प्रतिभा, जिज्ञासा एवं सीखने की क्षमता का भी परीक्षण किया जाता है। सन् 1979 में स्थापित अमेरिका जॉन हॉपकिंस सेंटर फॉर टैलेंटेड यूथ (सी.टी.वाई.) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों व अनुसंधान के माध्यम से बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रतिभाशाली छात्रों को दुनिया के सामने लाने और शिक्षा के क्षेत्र को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## 1500 से अधिक सरकारी शिक्षकों को 'निपुण भारत मिशन' हेतु प्रशिक्षित किया देवी संस्थान ने

लखनऊ, 12 जुलाई। देवी संस्थान के तत्वावधान में 9 से 12 जुलाई तक आयोजित चार दिवसीय 'शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला' का समापन आज सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यशाला के चाथे व अन्तिम दिन का उद्घाटन श्री एम. के. शनमुग सुंदरम, आई.ए.एस., प्रमुख सचिव, शिक्षा, उ.प्र. ने दीप



प्रज्वलित कर किया जबकि श्री अवनीश अवस्थी, आई.ए.एस. (से. नि.), मुख्य सलाहकार, मुख्यमंत्री, उ.प्र. एवं सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने बतौर विशिष्ट अतिथि समारोह की गरिमा को बढ़ाया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री एम.के. शनमुग सुंदरम ने अल्फा (एक्सीलरेटड लर्निंग फॉर ऑल) परियोजना शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने एवं निपुण भारत लक्ष्य को प्राप्त करने में बहुत सहायक है। मुझे विश्वास है कि परियोजन बच्चों की साक्षरता दर बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। विशिष्ट अतिथि श्री अवनीश अवस्थी, आई.ए.एस. ने कहा कि अल्फा जैसी शैक्षिक परियोजनाओं को बढ़ावा देने हेतु प्रदेश सरकार तत्पर है। सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने गणमान्य अतिथियों समेत विभिन्न विद्यालयों से पधारे शिक्षकों का स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि अल्फा परियोजना छोटे बच्चों के लिए शिक्षा को सरल, रूचिपूर्ण व प्रभावशाली बनाने में अहम भूमिका निभाती है।विदित हो कि इस चार दिवसीय 'शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला' के अन्तर्गत प्राइमरी स्तर के नन्हें–मुन्हें छात्रों की सीखने की प्रक्रिया (अल्फा – एक्सीलरेटड लर्निंग फॉर ऑल) को बढ़ावा देने हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें 1500 से अधिक सरकारी शिक्षकों ने बड़े उत्साह से प्रतिभाग किया। देवी संस्थान की संस्थापिका डा. सुनीता गाँधी ने इस अवसर पर शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में अल्फा परियोजना को लागू करना एक सही कदम है। हमें पूर्ण विश्वास है कि इस प्रकार के आयोजनों के देश के विभिन्न प्रान्तों में शिक्षा पद्धति में गुणात्मक सुधार आयेगा।

## भाजपा द्वारा बीकापुर विधान सभा का मतदाता अभिनंदन

### लोकतांत्रिक परम्परा में मतदाता ही सर्वोपरि–लल्लू सिंह

अयोध्या(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा स्तर पर मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित कर रही है। बीकापुर विधान सभा का मतदाता अभिनंदन पार्टी कार्यालय सहादतगंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध मतदाताओं को रामनामा पहना कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक परम्परा में मतदाता ही सर्वोपरि होता है। मतदाताओं द्वारा ही चुने प्रतिनिधियों द्वारा देश की दिशा का निर्धारण होता है। उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने वाले सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि मतदाताओं ने देश की समृद्धि व अखंडता के लिए मतदान किया है। जनता की विश्वास पीएम नरेन्द्र मोदी के प्रति है। भाजपा सरकार पर उन्हें विश्वास है। इस कारण तीसरी बार ऐतिहासिक रूप से भाजपा सरकार के पक्ष में मतदान किया है। विधायक अमित सिंह चौहान ने कहा कि देश की अखंडता, समृद्धि तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन पीएम मोदी के नेतृत्व में ही हो सकता है।

## नई पेंशन के विरोध में सड़क पर उतरे रेल कर्मचारी, किया धरना प्रर्दशन

सुल्तानपुर (आरएनएस)। नई पेंशन स्कीम के विरोध में रेलवे स्टेशन पर एक धरना –प्रदर्शन का आयोजन किया गया। आज ही के दिन 12 जुलाई 1968 को रेल कर्मचारियों ने अपनी मांगे मनवाने के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की थी। उस हड़ताल के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए आज शुक्रवार को शाखा मंत्री कामरेड एससी द्विवेदी ने कहा कि सरकार कर्मचारियों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। पदाधिकारी केशव गुप्ता ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली से कम किसी भी सूरत में समझौता नहीं किया जाएगा ।और इस लाल झंडे की ताकत से हम वह पेंशन लेकर रहेंगे। कार्यक्रम को कामरेड राकेश मणि यादव, कामरेड विजय मिश्र, कामरेड श्यामू वर्मा ,काम महेंद्र गुप्ता एवं पूर्व शाखा अध्यक्ष काम अनिल श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष कामरेड असीम सज्जाद ने की। कार्यक्रम में लगभग 150 सौ से अधिक सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सामाजिक सेवा संघ की रसोई ने 450 लोगों को कराया भरपेट भोजन

सुल्तानपुर (आरएनएस)। बरसात के मौसम में भी मानवीय सेवा का जज्बा फलीभूत हो रहा है। जिला चिकित्सालयधजिला महिला अस्पताल और रेलवे स्टेशन पर मरीजों और उनकी देख रेख कर रहे तीमारदारों,यात्रियों व जरूरतमन्दों को राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की निःशुल्क रसोई हर बृहस्पतिवार को भर पेट भोजन निःशुल्क करा रही है।बृहस्पतिवार के दिन सैकड़ों मरीजों, तीमारदारों, यात्रियों जरूरतमन्दों के लिए सहारा बनी राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की निःशुल्क रसोई। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के अगुवाई में साप्ताहिक निःशुल्क भोजन का वितरण किया जा रहा है। देर रात बृहस्पतिवार को जिला चिकित्सालय धजिला महिला अस्पताल में दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ ताबिश बारी ने जरूरतमन्दों भोजन की थाली देकर कार्यक्रम की शुरुआत किया। उन्होंने नेक काम की तारीफ किया। समाज के लोगों से जुड़ने की अपील की। उन्होंने सगठन के निःशुल्क रसोई कोष एक हजार रुपये का आर्थिक सहायता प्रदान किया। उधर रेलवे स्टेशन पर नवागत ‶ज्ञ अभिषेक सिंह ने यात्रियों और जरूरतमन्दों को भोजन थाली बांटी।अन्नदान को महान कार्य बताया।राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निजाम खान बताया कि मेन्यू में अरहर की दाल ,आलू सोयाबीन की सब्जी रोटी और चावल की थाली 450 जरूरतमन्दों बांटी गई।जिला चिकित्सालय में 287 और रेलवे स्टेशन पर 163 लोगों ने मुफ्त भोजन का लाभ उठाया। प्रमुख सहयोगियों में प्रदीप श्रीवास्तव,नफीसा बानों,सत्य प्रकाश वर्मा,राज कुमार यादव,सिंकन्दर वर्मा,संजय सिंह,राजेश मिश्रा,डॉ शादाब खान,सरदार गुरप्रीत सिंह,राशिद खान,राशिद वर्दी टेलर,आदिल हसन,अरशद खान,बैजनाथ प्रजापति, इंजीनियर दानिश खान,सुफियान खान,सुल्तान सलाहुद्दीन ,मोहम्मद अब्दुल,मोहम्मद सद्दाम इत्यादि ने भोजन वितरण में योगदान किया।

## उद्यान विभाग ने किसानों को दिए निःशुल्क बीज

सुल्तानपुर (आरएनएस)। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तत्वाधान में बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्टाल लगाकर कृषकों को बीजो का वितरण किया। केन्द्र सरकार का कृषि मंत्रालय वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से किसान भाइयों की आय की वृद्धि करने एवं जन जन तक खाद्यान्न सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है इसी प्रयास का परिणाम है कि प्याज के बीज की नई वैरायटी वैज्ञानिक अनुसंधान के बाद उपलब्ध है। उद्यान विभाग जनपद सुल्तानपुर द्वारा शुक्रवार को आयोजित बीज वितरण कार्यक्रम में उद्यान विभाग के अमहट स्थित प्रांगण में निःशुल्क खरीफ प्याज बीज वितरण कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दूबेपुर प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश प्रताप सिंह डिंपल ने बताया इस बीज की खासियत यह है कि बरसात में ही इसका बेहन डाला जाता है और जाड़े की मौसम की शुरुआत होती ही प्याज तैयार हो जाती है। उक्त अवसर पर 30 कृषकों को निःशुल्क खरीफ प्याज बीज वितरित किया गया। कार्यक्रम में उद्यान विभाग से लालनन्द कुमार, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक, राजेन्द्र सिंह व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हजारो की आबादी के आवागमन का मुख्य मार्ग किया गया बंद

### 'बीते कई सप्ताह से मुख्य मार्ग पर दर्जनों मोटे पाईप रखकर बंद किया गया रास्ता'

सुल्तानपुर (आरएनएस)। बीते कई माह से वार्ड नं.1करौदिया में नाला निर्माण के नाम पर मुख्य मार्ग



को अवरूद्ध किया गया है। जबकि वार्ड की आधी आबादी छोटे–मोटे कारोबार से जुडेध होने के चलते ठेले पर सब्जी व फल बेचने का काम करते है, रात्रि में काम धंधा करने के पश्चात अपना ठेला लेकर घर आते है, परंतु मुख्य मार्ग पालिका द्वारा विकास के नाम पर बंद कर दिया गया है। जिसके चलते इन कारोबारियों को लंबा चक्कर लगाकर ठेला लेकर आना–जाना पड़ता है। इस संबध में पालिकाध्यक्षय प्रवीन अग्रवाल से वार्ता करने पर उन्होनें देखवाने और मार्ग खुलवाने की बात कही है। वही जब अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से बात हुई तो उन्होनें फौरन ठेकेदार से बात करके रास्ता खुलवाने की बात कही।

## तीसरा अंतराष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन होगा ऐतिहासिक – विजय कोटवानी

### –तीन दिवसीय सम्मेलन का आज होगा शुभारम्भ

अयोध्या(आरएनएस)। तीसरा अंतराष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन ऐतिहासिक होगा यह बाते महाराष्ट्र के शहर पूना से आये सिंधु एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कोटवानी ने कही वे प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे । श्री कोटवानी ने पत्रकारों को बताया कि जनवरी माह में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंच ने निर्णय लिया कि यह तीसरा सम्मेलन अयोध्या में ही होगा। इसे पहले दो सम्मेलन गुजरात के शहर दमन व गोवा राज्य में हो चुका है तीसरा व तीन दिवसीय सम्मेलन 13, 14 व 15 जुलाई को होटल रॉयल हेरिटेज में होगा । सम्मेलन में शामिल होने वाले प्रतिनिधि तीनों दिन अलग–अलग ड्रेस कोड में रहेंगे । सम्मेलन की सभी तैयारियों पूरी कर ली गई हैं सम्मेलन में देश विदेश के 400 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे जो 12 जुलाई की देर रात तक अयोध्या पहुंचेंगे सम्मेलन में कई राजनीतिक व सामाजिक प्रस्ताव पारित किये जायेंगे जिसमे मुख्य रूप से इंदौर के सांसद शंकर लालवानी, राज्यसभा सदस्य महेश जेठमलानी, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी व सिंधी समाज के संत, लेखक साहित्यकार, चिकित्सक, उद्योगपति, खेल व फिल्मी जगत के लोग शामिल होंगे साथ ही साथ सम्मेलन में श्री राम जन्मभूमि न्यास ट्रस्ट क्षेत्र को भी आमंत्रित किया गया है । सम्मेलन के प्रथम दिन होटल परिसर में प्रभु झूलेलाल व भगवान राम की शोभायात्रा बहिराणा साहिब राजस्थान की सिंधी शहनाई के साथ डांडिया खेलकर निकाली जायेगी, दूसरे दिन भव्य राममंदिर व हनुमान गढ़ी का दर्शन, देश के कोने कोने से आए सिंधी कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक दार्यक्रम, बच्चों द्वारा प्रभु श्रीराम और सिंधी गीतों पर नृत्य कार्यक्रम राजनीतिक व सामाजिक प्रस्ताव पारित होगे व तीसरे दिन समापन अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्य कर रहे प्रमुख लोगों को सम्मानित किया जायेगा इस मौके पर सिंधी देवनागरी में लिखित रामायण ग्रन्य का विमोचन होगा और तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन के समापन की घोषणा की जायेंगी प्रेस वार्ता में मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद पंजधानी, राष्ट्रीय महासचिव मोतीराम चुघवानी, पदेश अध्यक्ष सुरेश वाध्या, राष्ट्रीय जनसम्पर्क अधिकारी ओमप्रकाश ओमी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आशा कोटवानी, प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश सालानी, महिला जिलाध्यक्ष मुस्कान सावलानी, जिलाध्यक्ष महंत गणेश दास, वाराणसी, महिला जिलाध्यक्ष लविना वाध्या, जिला महासचिव उमेश संगतानी मौजूद थे ।

## आधुनिक कृषि यंत्रों की उपलब्धता से किसानों को खेती में मिल रही बड़ी सहूलियत गौरव मौर्य

कूरेभार, सुलतानपुर (आरएनएस)। पहले किसान बैलों की जोड़ी से खेती करते थे लेकिन ट्रैक्टर और कई आधुनिक कृषि यंत्र आने के बाद किसानों को बहुत आसानी हो गई। उचित दर पर अब छोटे किसानों के लिए भी बहुत से आधुनिक कृषि यंत्र आ गए हैं। जिनसे खेती करना बेहद आसान हो गया है। इन सब में एक खास यंत्र है टिलर, जो बागवानी और गन्ने की खेती करने वाले किसानों के लिए बेहद उपयोगी है। कृषि कल्याण बीज भंडार के मालिक और कृषि यंत्र एक्सपर्ट गौरव मौर्य ने बताया कि टिलर छोटे किसानों के लिए बेहद ही उपयोगी कृषि यंत्र है। टिलर 6 हॉर्स पावर से लेकर 10 हॉर्स पावर तक के आते हैं। इनके रेट क्वालिटी और कंपनी के आधार पर तय होते हैं। यह बागवानी और गन्ने की खेती करने वाले किसानों के लिए बेहद ही उपयोगी है। गौरव मौर्य ने बताया कि पहले छोटे किसान बैल की सहायता से खेतों की जुताई किया करते थे, लेकिन अब टिलर के आ जाने से बागवानी और गन्ने की गुड़ाई का काम आसानी से किया जा सकता हैं। टिलर बेहद कम डीजल की खपत करते हुए खेती को आसान बना सकते हैं। टिलर को किसान हाथ से पड़कर चलाते हैं। इसको स्टार्ट करने के लिए एक बैटरी लगी रहती है।

### 45 हजार से 2.5 लाख है कीमत।

इस बावत कृषि कल्याण बीज भंडार के मालिक और कृषि यंत्र एक्सपर्ट गौरव मौर्य ने बताया कि टिलर 5 हॉर्स पॉवर से लेकर 16 हॉर्स पावर तक के आते हैं। इनकी कीमत 45 हजार रुपए से लेकर करीब 2 लाख 50 हजार रुपए तक रहती है। टिलर के रेट कंपनी और क्वालिटी के आधार पर होते है। कृषि कल्याण बीज भंडार के मालिक और कृषि यंत्र एक्सपर्ट गौरव मौर्य ने बताया कि टिलर 600 ग्राम से लेकर 800 मिली प्रति घंटे के हिसाब से डीजल की खपत करते हैं। एक टिलर से 2 घंटे में एक एकड़ खेत की गुड़ाई कर सकतें हैं। टिलर में रोटावेटर और कैल्टीवेटर को जोड़कर गुड़ाई की जाती है। गौरव मौर्य ने बताया कि छोटे किसानों की आय को बढ़ावा देने के लिए सरकार भी लगातार मदद कर रही है। सरकार द्वारा टिलर खरीदने वाले किसानों को 15 हजार रुपए से लेकर 75 हजार रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है।

## जनाबे जैनब ने अपने भाई इमाम हुसैन पर किया अपने बेटों को कुर्बान

सुल्तानपुर (आरएनएस)। वक्फ इमाबाड़ा हयातनगर मे पांच मोहर्रम की मजलिस रजा हुसैन की जानिब से हुई मजलिस को खेताब करते हुये मौलाना बाकर सज्जाद जैदी ने बताया कि कर्बला मे हजरत अली की बड़ी बेटी जनाबे जैनब ने अपने भाई इमाम हुसैन पर अपने बेटों को कुर्बान कर के भाई के प्रति बहेन की मोहब्बत की एक मिसाल कायम की। कर्बला मे जंग शुरू होने को थी सब चाहने वाले अपनी कुर्बानी देने को बेताब थे वही जनाबे जैनब अपने बेटों के साथ खैमों मे मौजूद थी और अपने बेटों से कह रही थी देखो सबसे पहले अपने मामू पर अपनी जान को कुर्बान कर ताकि मै अपनी माँ बीबी फात्मा के सामने शर्मिंदा ना हूँ। मौलाना ने बताया के दोनों बेटे अपने मामू इमाम हुसैन के पास आये और कहा की मामू हमें मरने की इजाजत दीजिए दोनों छोटे छोटे बच्चे अपने मामू हुसैन से जंग की इजाजत लेकर मैदाने कर्बला मे आये और ऐसी जंग की दुश्मन देखकर हैरान था कि इतने छोटे बच्चे और वो भी भूखे प्यासे मगर इनती बहादुरी से लड़ रहें है।जनाबे जैनब के दोनों बेटे जनाबे औन, और जनाबे मुहम्मद, काफी देर तक जंग करते रहते भूखे प्यासे कब तक लड़ते रहते जालिमो ने उन्हें चारो तरफ से घेर लिया और तीरो तलवार से मासूम बच्चों पर हमला करने लगे दोनों बच्चे घोड़े से जमीन पर गिर गये और मामू इमाम हुसैन को आवाज दीं इमाम हुसैन अपने भाई जानबे अब्बास के साथ दोनों बच्चों को मदद के लिए आये तब तक दोनों बच्चों की शहादत हो चुकी थी। एक बच्चे का जनाजा अब्बास ने उठाया और एक बच्चे का जनाजा ईमानदार इमाम हुसैन ने उठया और लेकर खैमे मे आये इमाम हुसैन ने अपनी बहन जैनब को बुलाया और कहा लो बहेन तुम्हारे बच्चो ने अपना वादा निभाआ अपनी जान को अपने मामू पर कुर्बान कर दिया।इतना सुनना था जनाबे जैनब ने मुसल्ला बिछाया और अल्लाह का शुक्र अदा किया ये सुनकर मजलिस में बैठे लोग फूट फूट कर रोने लगे। मजलिस के बाद ताबूते औनो, मोहम्मद, निकाला गया जिसकी सभी अजादारों ने जियारत की और जनाबे जैनब को उनके मासूम बच्चों की दर्दनाक शहादत का पुरसा पेश किया। यह जानकारी कमेटी तमन्ना–ए–मूसा के अध्यक्ष कायम मेंहदी चाँद ने दीं।

## स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

### –विपरीत दिशा से इनायत नगर की ओर जा रही थी सनबीम स्कूल की बस

मिल्कीपुर–अयोध्या(आरएनएस)। इनायत नगर थाना से चंद कदम दूरी स्थित के छत्ता के पूरवा के पास विपरीत दिशा से आ रही बस एवं बाइक सवार युवक की आमने–सामने की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बाइक चला रहे 20 वर्षीय युवक उमंग दुबे की मौत हो गई है। पुलिस ने बस एवं बाइक को कब्जे में लेते हुए बस चालक को हिरासत में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इनायत नगर थाना क्षेत्र का ही गुजरामऊ गांव निवासी युवक उमंग दुबे (20) पुत्र विजय शंकर दुबे शुक्रवार को शाम करीब 3:30 बजे इनायत नगर बाजार से बाइक लेकर रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए अपने घर जा रहा था। वह बाजार से महज 300 मीटर दूर स्थित छत्ता का पुरवा के पास पहुंचा ही था कि विपरीत दिशा से आ रही सनबीम स्कूल की बस से आमने–सामने की टक्कर हो गई और युवक की बाइक बस के नीचे जा घुसी। हादसे में बाइक सवार युवक उमंग गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने आनन–फानन में घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया है। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची इनायत नगर पुलिस ने युवक का शव कब्जे में लेकर पंचायतनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम भेज दिया है। युवक की मौत के बाद गांव में सन्नाटा पसर गया है और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। युवक के पिता रोजी रोजगार के चक्कर में दिल्ली में रहते हैं। वह आपस में सगे दो भाई थे। उसका छोटा भाई तरंग है।

## कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने गिनाई उपलब्धियां

अयोध्या(आरएनएस)। जिला पंचायत के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने सर्किट हाउस में शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर तीन वर्ष में जिला पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम की पुण्य धरा के ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत सुविधाएं प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है। पीएम नरेन्द्र मोदी तथा सीएम योगी आदित्यनाथ की शीर्ष प्राथमिकता में ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाएं उपलब्ध कराना है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि जिला पंचायत की ओर से तीन वर्षों में 77.877 किमी सड़क का नवीनीकरण कराया गया है जिससे ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन सुगम हो सके। उन्होनें बताया कि तीन वर्षों में 16.52 किमी सड़को का नवनिर्माण कराया गया है। 19.881 किमी सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। 45. 546 किमी खडंजा रोड का निर्माण किया गया है। अध्यक्ष रोली सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जलनिकासी के लिए तीन वर्षों में 23.054 किमी आरसीसी नालों का निर्माण कराया गया है। जल संरक्षण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया है। सरोवरों के चारों ओर पौधे रोपित किया गए है। जिससे सरोवरों के आस पास का क्षेत्र हरा–भरा रहे। ग्रामीण क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर प्रकाश की उत्तम व्यवस्था के लिए 5807 एलईडी लाइटें लगवाई गई है तथा और स्थानों पर लाइटें लगवाई जा रही है। जिला पंचायत के पार्कों का सौर्न्दयीकरण का कार्य कराया गया है। बताया कि जनसहयोग से जिला पंचायत कार्यालय में भारत रत्न पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा लगवाई गई। जिसका अनावरण डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या द्वारा किया गया। अयोध्या नगर निगम के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि जिला पंचायत द्वारा विगत तीन वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के सराहनीय कार्य किए गए हैं। रुदौली विधायक राम चन्दर यादव ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में अयोध्या है। जिला पंचायत द्वारा किए गए कार्यो से ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को सुगमता हुई है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि जिला पंचायत का तीन वर्ष का कार्यकाल प्रशंसनीय रहा है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा जिला पंचायत ग्रामीण क्षेत्र में लगातार सुविधाओं का विकास करा रहा है। पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने कहा ग्रामीण में आवागमन की सुविधाओं के विकास के लिए जिला पंचायत लगातार कार्य कर रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान जिपंअ प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र उपस्थित थे।

# संपादकीय

## मोदी की रूस यात्रा रणनीतिक महत्त्व का साबित हुई

रूस के लिए मोदी की यात्रा रणनीतिक महत्त्व का साबित हुई। रूस का खास प्रयास पश्चिम के इस प्रचार को झुठलाने का है कि उसे अंतरराष्ट्रीय जगत में अलग–थलग कर दिया गया है। इस लिहाज से इस यात्रा का महत्त्व स्पष्ट है।भारत–रूस दोनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मास्को यात्रा को सफल बताया है। लेकिन सफलता को मापने के दोनों के संभवतरू अलग–अलग पैमाने हैं। भारत की नजर में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा आदि क्षेत्रों में हुए समझौतों से देश को फायदा होगा। दोनों देशों ने 2030 तक सालाना आपसी व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक ले जाने का इरादा जताया है, जो फिलहाल 65 बिलियन डॉलर के करीब है। खबरों के मुताबिक रूस भारत को रियायती दर पर कच्चा तेल देते रहने पर राजी हुआ है। इसके अलावा परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग आगे बढ़ाने और रक्षा क्षेत्र में तकनीक ट्रांसफर जारी रखने पर भी रजामंदी हुई। मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के सामने भारतीय नौजवानों को जबरन रूसी सेना में शामिल करने का मुद्दा उठाया, जिस पर पुतिन उन्हें जल्द वहां से मुक्ति देने पर सहमत हुए।इसके अलावा भारत के नजरिए एक सफलता यह भी है कि रूस ने अपने प्रतिष्ठित सम्मान– ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू द अपोस्टल से मोदी को सम्मानित किया। विदेश में मोदी के ऊंच कद की छवि बनाना गुजरे दस साल में भारतीय विदेश नीति का एक खास प्रयास रहा है। इस सम्मान से इस कथा में एक नया पहलू जुड़ा है। उधर रूस के लिए यह यात्रा दूरगामी रणनीतिक महत्त्व का साबित हुई। पिछले सवा दो साल में रूस का खास प्रयास पश्चिम के इस प्रचार को झुठलाने का है कि उसे अंतरराष्ट्रीय जगत में अलग–थलग कर दिया गया है। जिस भारत में अमेरिका ने गुजरे वर्षों में खास रणनीतिक निवेश किया है, उसके प्रधानमंत्री मास्को जाकर पुतिन के गले लगें, तो उसका प्रतीकात्मक महत्त्व स्पष्ट है। रूस और चीन की फिलहाल कोशिश यह है कि भारत को जितना संभव है तटस्थ रखने का प्रयास किया जाए, ताकि इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में पश्चिमी रणनीति ऊहापोह की शिकार बनी रहे। इसीलिए चीन में मोदी की मास्को यात्रा का दिल खोल कर स्वागत किया गया है। बेशक, इस यात्रा से अमेरिका की तल्खी बढ़ी है, जो उसके विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया से जाहिर हुआ है। तो कुल मिला कर दोनों पक्षों ने अपने हित साधे। फिलहाल इसमें वे सफल रहे हैं।

## सरकार के शीर्ष स्तर पर जवाबदेही तय हो

मानसून की पहली बारिश में दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल एक की पार्किंग एरिया में कैनोपी यानी छत गिर गई। इस हादसे में आठ गाड़ियां दब गईं। इनमें से एक गाड़ी टैक्सी थी, जिसमें ड्राइवर बैठा हुआ था और छत गिरने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दिल्ली हवाईअड्डे के साथ ही मध्य प्रदेश के जबलपुर और गुजरात के राजकोट हवाईअड्डे पर भी बिल्कुल इसी तरह की घटनाएं हुईं। जिस समय एक के बाद एक ये तीन घटनाएं हुईं उसी समय बिहार में पुल गिरने की खबरें आ रही थीं। एक पखवाड़े में कोई एक दर्जन पुल गिर गए। ज्यादातर पुल पुराने थे लेकिन कम से कम दो पुल ऐसे थे, जो अभी बन ही रहे थे। यानी निर्माणाधीन पुल गिर गए।

उसी समय या उससे थोड़ा पहले यह खबर आई थी कि मुंबई के जिस अटल सेतु का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव की घोषणा से पहले उद्घाटन किया था उसमें दरारें आ गई हैं। हालांकि बाद में कहा गया कि दरार पुल पर नहीं, बल्कि एप्रोच रोड पर आई है। यह ऐसी सफाई थी, जिसमें पूरी व्यवस्था को बचाने का प्रयास साफ दिख रहा था। इससे कुछ ही दिन पहले पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में कंचनजंघा एक्सप्रेस की मालगाड़ी से टक्कर हो गई, जिसमें पांच लोग मारे गए। यह बिल्कुल उसी तरह का हादसा था, जैसा पिछले साल बालासोर में हुआ था, जिसमें करीब तीन सौ लोगों की जान गई थी। दोनों दुर्घटनाओं के समय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ही थे।

ऐसी दुर्घटनाओं के समय मीडिया में यह बताने का प्रचलन रहा है कि कैसे एक ट्रेन दुर्घटना हुई थी तो तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने इस्तीफा दे दिया था। यह भी बताया जाता है कि नीतीश कुमार ने भी एक हादसे के बाद रेल मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। लेकिन अब तो नीतीश कुमार इस्तीफा नहीं देते! उनके राज्य में पिछले एक पखवाड़े में एक दर्जन पुल गिरे हैं। दो निर्माणाधीन पुल गिरे हैं। कुछ समय पहले 17 सौ करोड़ रुपए की लागत से गंगा नदी पर बन रहा पुल गिर गया था। उससे थोड़े दिन पहले गंडक नदी पर बना 264 करोड़ रुपए का पुल गिर गया था। उनके राज्य में शराबबंदी है और सैकड़ों लोग नकली शराब पीकर मर गए।

लेकिन ऐसी किसी घटना के बाद नीतीश कुमार का इस्तीफा नहीं हुआ और न उन्होंने आगे आकर जवाबदेही स्वीकार की। यही हाल हवाईअड्डों की छत गिरने में है, यही हाल रेल दुर्घटनाओं में है और यही हाल बारिश में सड़कों के धंसने, पहाड़ टूटने, जंगलों में आग लगने जैसी घटनाओं में भी है। किसी भी हादसे में शासकीय या प्रशासकीय जवाबदेही नहीं तय की जा रही है। ऐसा लग रहा है, जैसे देश की शासन व्यवस्था जवाबदेही के सिद्धांत से ऊपर उठ गई है। हम सामूहिक उत्तरदायित्व के दौर से आगे किसी और दौर में रह रहे हैं!

ऐसा लग रहा है, जैसे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के साथ साथ केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी हर तरह की जवाबदेही से मुक्त हो गए हैं। वे अपने किए गए किसी भी काम के प्रति उतरदायी नहीं हैं। यह भी लग रहा है कि देश की आम जनता की जान की कीमत कुछ भी नहीं रह गई है। वह हवाईअड्डे की पार्किंग में छत गिर जाने से मर जाता है या सत्संग की भीड़ में कुचल कर मर जाता है और किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता है। आम इंसान सिर्फ एक भीड़ का हिस्सा बन कर गया है, जिसका इस्तेमाल चुनाव के समय वोट लेने और उसके बाद पांच साल तक दर्जनों किस्म के टैक्स वसूलने के लिए किया जाता है। इसके बाद न तो कोई उसकी जिंदगी की लिए जवाबदेह है और न उसकी मौत के लिए उत्तरदायी है! यह दुखद स्थिति है और किसी भी सभ्य और जीवंत लोकतंत्र के माथे पर गहरा काला धब्बा है।आखिर हवाईअड्डे की छत गिरने का हादसा हो या पुल गिरने की घटना हो या ट्रेन दुर्घटना हो, ये सारी घटनाएं तो प्रशासकीय विफलता की वजह से ही हुईं! फिर इसके लिए किसी को जिम्मेदार क्यों नहीं ठहराया जाना चाहिए? क्या इसके लिए बिल्कुल शीर्ष स्तर से लोगों का इस्तीफा नहीं होना चाहिए? इन घटनाओं का यह कह कर बचाव किया जा रहा है कि दिल्ली हवाईअड्डे की जो छत गिरी वह 2009 में बनी थी, जब कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार थी या बिहार में जो पुल गिरे हैं वो 40 साल पुराने थे या ट्रेन दुर्घटना स्टेशन मास्टर या किसी अन्य रेलवे कर्मचारी की गलती से हुई। यह भी कहा जा रहा है कि इतना बड़ा देश है और इतना विशाल बुनियादी ढांचा है तो कहीं न कहीं दुर्घटना होती रहेगी। अगर इसके लिए मंत्रियों और शीर्ष अधिकारियों के इस्तीफे होने लगें तो फिर कोई नहीं बचेगा।

# 40 साल बाद 'पलटा' गया एक महत्वपूर्ण फैसला



चालीस साल बाद अब एक बार फिर उसी सुप्रीम कोर्ट ने इतिहास को दोहराते हुए एक अहम फैसले में तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के गुजारे भत्ता लेने के हक की बात कही है। कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम महिलाएं भी सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। जब हुकूमत बदलती है तो संवैधानिक संस्थाओं का कामकाज का तरीका और नजरिया भी बदल जाता है। याद कीजिए मोदी सरकार के आने से पूर्व तक कैसे अयोध्या में रामलला के जन्म स्थान, वाराणसी के ज्ञानवापी मंदिर–मस्जिद और मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद को लटकाया जाता रहा था। कश्मीर से धारा 370 हटाये जाने पर खूब–खराबे की बात कही जाती थी। एक बार में तीन तलाक को शरिया की आड़ में सही ठहरा के लाखों मुस्लिम महिलाओं को एक झटके में घर से बेखर कर दिया जाता था और सरकारें तुष्टिकरण की सियासत और मुस्लिम वोट बैंक के चक्कर में उफ तक नहीं करती थीं। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड शरिया की चादर ओढ़कर सरकार पर दबाव बनाने का काम करता था। हलाला के नाम पर महिलाओं का शारीरिक शोषण और मानसिक शोषण को एक परम्परा बना दिया गया था। मुस्लिम महिलाओं को पारिवारिक सम्पति में उनके हुकूक से महरूम रखा जाता था। बहु विवाह महिलाओं के लिये एक अभिशाप बन हुआ है। धर्म की आड़ में वक्फ बोर्ड जैसी संस्थाएं किसी की भी जमीन मकान पर अपना मालिकाना हक जता देते थे। 1985 में सुप्रीम कोर्ट ने जब एक तलाकशुदा बुजुर्ग मुस्लिम महिला शाहबानो को उसके शौहर से चंद रुपये का मुआवजा देने का आदेश सुनाया तो राजीव गांधी सरकार ने इस फैसले को पलटने में देरी नहीं लगाई थी।खैर, चालीस साल बाद अब एक बार फिर उसी सुप्रीम कोर्ट ने इतिहास को दोहराते हुए एक अहम फैसले में तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के गुजारे भत्ता लेने के हक की बात कही है। कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम महिलाएं भी सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने ये फैसला सुनाया है। दोनों जजों ने फैसला तो अलग–अलग सुनाया, लेकिन दोनों की राय एक ही थी। दोनों ने कहा कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला भी गुजारा भत्ता पाने के लिए पति के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 125 के तहत केस कर सकती हैं।सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला ठीक वैसा ही है, जैसा कि 23 अप्रैल 1985 में शाहबानो मामले में दिया गया था। दरअसल, 1985 में इंदौर की एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो ने गुजारा भत्ता हासिल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उनके पति मोहम्मद अहमद खान को सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया।कट्टरपंथी मुस्लिमों ने इस फैसले को शरिया में दखलंदाजी करार देते हुए विरोध शुरू कर दिया। उस समय की मौजूदा राजीव गांधी सरकार जो मुस्लिम वोटों की बड़ी दावेदार थी, उसे जब लगा कि उसका मुस्लिम वोट बैंक इस फैसले से खिसक सकता है तो तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी कट्टरपंथियों के विरोध के आगे झुक गये और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी बनाने के लिए मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) कानून, 1986 लाकर मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए कोर्ट के फैसले को पलट दिया। राजीव गांधी सरकार द्वारा लाए गए मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) कानून, 1986 की संवैधानिक वैधता को 2001 में डेनियल लतीफी बनाम भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी गई थी। डेनियल लतीफी वकील थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में शाहबानो का प्रतिनिधित्व किया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में 1986 के कानून की व्याख्या इस तरह से की जिससे की अधिनियम में लागू की गई रोक एक तरह से अप्रभावी हो गई। अपने फैसले में कोर्ट ने कहा कि महिलाओं के अधिकार इद्दत की अवधि के आगे भी रहते हैं। कोर्ट के इस फैसले ने सुनिश्चित किया कि मुस्लिम महिलाओं को गरिमा के साथ अपना जीवन जीने के लिए उचित मदद मिले।राजीव गांधी सरकार ने भले ही शाहबानों केस में मुआवजे के सुप्रीम कोर्ट के आदेश वाले फैसले को कानून बनाकर पलट दिया था,लेकिन मुस्लिम महिलाओं के हक की लड़ाई कभी थमी नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने 2009 में जोर देकर कहा था कि धर्म का पालन करने के अधिकार में दूसरों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने का अधिकार शामिल नहीं है। यह बात खास कर लैंगिक समानता के परिप्रेक्ष्य में कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले में इस बात की पुष्टि की गई थी कि पर्सनल ला संवैधानिक अधिकारों के अनुरूप होने चाहिए। इसी प्रकार 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने शमीम बानो नाम असरफ खान मामले में कहा था कि मुस्लिम महिला तलाक के बाद भी अपने पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है और मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष इसके लिए आवेदन कर सकती है। फैसले में इस बात पर जोर दिया गया था कि मुस्लिम पति की जिम्मेदारी हैं कि वह तलाकशुदा पत्नी के भविष्य के लिए गुजारा भत्ता सहित उचित व्यवस्था करें और यह बात इद्दत की अवधि से आगे के लिए भी लागू होती है। इस कड़ी में 2017 में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले को भी नहीं भुलाया जा सकता है।जब सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को असंवैधानिक और अवैध करार दे दिया था। कोर्ट ने कहा कि तीन तलाक मुस्लिम महिलाओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। कुल मिलाकर 10 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट का अपने अहम फैसले में मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने का आदेश व्यापक प्रभाव वाला है। तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं भी पति से भरण–पोषण यानी गुजारा भत्ता पाने की हकदार हों इसमें कोई बुराई भी नहीं हैं। ऐसे फैसलों पर धर्म के नाम पर कतई विवाद नहीं होना चाहिए।लम्बे समय से तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं हक से महरूम थीं।संभवता अब उन्हें न्याय मिल पाये। क्योंकि इस फैसले के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट ने राजीव गांधी सरकार की ओर से उठाए गए एक गलत कदम का प्रतिकार करने के साथ ही मुस्लिम महिलाओं को न्याय देने का काम किया है। एक तरह से इस निर्णय के जरिये सुप्रीम कोर्ट ने यह साबित कर दिया है कि 1985 उसकी पूर्ववर्ती बेंच के द्वारा शाहबानो मामले में दिया गया फैसला सर्वथा उचित एवं संविधान सम्मत था भले ही राजीव गांधी सरकार ने उसे पलट दिया था। 1986 में कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों के दबाव में आकर उनके मन मुताबिक और शरिया के अनुकूल मुस्लिम महिला अधिनियम बनाया था। इस अधिनियम का एकमात्र उद्देश्य मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों का हनन करना था। चालीस सालों में हालात काफी बदल चुके हैं। तब कांग्रेस पावरफुल हुआ करती थी उसकी जगह बीजेपी ने ले ली है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम किसी पंथनिरपेक्ष कानून पर हावी नहीं होगा और तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं गुजारा भत्ता के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर सकती हैं। तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के भरण–पोषण पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला केवल यही आकर नहीं रुका, इसके आगे भी कोर्ट ने कहा कि अलग–अलग समुदाय की महिलाओं को भिन्न–भिन्न कानूनों से संचालित नहीं किया जा सकता, बल्कि इस फैसले के साथ कोर्ट ने समान नागरिक संहिता की आवश्यकता भी जताई है। इसी के साथ ही सुप्रीम कोर्ट यह भी संदेश दिया है कि देश के लोग संविधान से चलेंगे, न कि अपने पर्सनल कानूनों से, वे चाहे जिस पंथ–मजहब के हों। इसका कोई औचित्य नहीं कि देश में अलग–अलग समुदायों के लिए तलाक, गुजारा भत्ता, उत्तराधिकार, गोद लेने आदि के नियम–कानून इस आधार पर हों कि उनका उनका पंथ–मजहब क्या है?सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है, इस फैसले को राजनीतिक दल किस तरह से लेते हैं,यह देखने वाली बात होगी।

# चीन पुतिन का समर्थन कुछ शर्तों पर ही करेगा

श्रुति व्यास



क्या दृश्य था.! अस्त होने के ठीक पहले का नर्म सूरज पेड़ों के पीछे से झांक रहा था। उसकी रोशनी दो प्रसन्नचित्त पक्के दोस्तों पर पड़ रही थी जो पांच साल के बाद मिले थे। इस मुलाकात से वे दोनों कितने रोमांचित थे, यह उनके गर्मजोशी से गले मिलने से जाहिर था।

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन की यात्रा पर मास्को पहुंचे। वे कूटनीतिक उलझनों को कम करने और संबंधों और मजबूत बनाने के लिए बातचीत करने आए थे।

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत किया और रूस आने के लिए अपने श्प्रिय मित्रय मोदी का शुक्रिया अदा किया। जवाब में मोदी ने कहा, ष्एक दोस्त के घर आना हमेशा बहुत अच्छा अनुभव होता हैष्। एक–दूसरे के प्रति दोनों का रवैया बहुत सौहार्दपूर्ण था। यह करीब–करीब उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग–उन की रूस यात्रा जैसा ही था या फिर कुछ हफ्ते पहले पुतिन की उत्तर कोरिया की यात्रा जैसा। तब किम और पुतिन प्योंगयांग की एक सड़क पर एक महंगी कार में घूमते नजर आए थे, जिसे किम चला रहे थे। लगभग वैसा ही नजारा हमने मॉस्को में देखा जहां मोदी एक नीले रंग की चमचमाती गोल्फ कार्ट में बैठे थे जिसे, पुतिन चला रहे थे। दोनों नेता पुतिन के घोड़ों को देखने जा रहे थे।

जिस समय मॉस्को में प्रेम और सौहार्द का यह प्रदर्शन चल रहा था, उस समय जो बाइडेन वाशिंगटन में नाटो देशों के नेताओं की अगवानी कर रहे थे, जिनकी यात्रा का उद्देश्य था यूक्रेन युद्ध में रूस द्वार ढाए जा रहे जुल्मों के चलते उस पर और सख्त प्रतिबंध लगाने, उसके खिलाफ और कठोर कदम उठाने पर विचार करना। रूस ने उसी दिन अन्य नागरिक ठिकानों के साथ–साथ यूक्रेन के बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर मिसाइलों से हमला किया, जिसमें बच्चों सहित दर्जनों लोग मारे गए।

मोदी के रूस में हुए गर्मजोशी भरे स्वागत पर कीव से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलदोमिर जेलेंस्की ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, ष्दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को खून–खराबे के सबसे बड़े अपराधी के गले लगते देखना अत्यंत निराशाजनक है और शांति के प्रयासों के लिए बहुत बड़ा झटका हैष्।

प्रधानमंत्री यूक्रेन युद्ध प्रारंभ होने के बाद पहली बार रूस पहुंचे थे। यह तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा भी थी। उन्होंने स्वयं उनके द्वारा कायम की गई इस परंपरा को तोड़ दिया कि पद संभालने के बाद वे सबसे पहले पड़ोसी देश की यात्रा करेंगे। उन्होंने रूस को चुना।

उनका इरादा पुतिन द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के खिलाफ कोई सख्त रवैया अपनाने या पुतिन की बर्बरता की कड़े शब्दों में की निंदा करने का नहीं था, बल्कि, दोनों देशों के बीच लंबे समय से जारी रणनीतिक एवं आर्थिक संबंधों पर एक बार फिर मुहर लगानी थी। पहली विदेश यात्रा के लिए रूस को चुनने का एक उद्धेश्य क्रेमलिन की भारत के प्रतिद्वंदी चीन पर निर्भरता कम करने का प्रयास करना भी था।

यह करने के लिए उन्हें पूरब और पश्चिम के बीच एक नाजुक संतुलन कायम करना पड़ेगा। लेकिन इसकी बजाए वे अब तक रूस को काफी नरम अंदाज में समझाइश देते आ रहे हैं। उन्होंने 2022 में उज्बेकिस्तान में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में पुतिन से कहा था कि ष्आज का समय युद्ध का नहीं हैष्। पुतिन ने पिछले साल दिल्ली में आयोजित हुए जी–20 सम्मेलन में भाग नहीं लिया, जिसमें दुनिया भर के नेताओं ने यूक्रेन पर रूसी हमले की आलोचना की। वहीं मोदी पिछले सप्ताह कजाखस्तान में हुए शंघाई सहयोग संगठन, एससीओ सम्मेलन में नहीं पहुंचे, जिसमें रूसी राष्ट्रपति ने दावा किया कि मॉस्को एवं बीजिंग के संबंध इससे पहले कभी इतने अच्छे नहीं रहे।

इससे भारत के कान खड़े हो गए। उसे लगा कि मॉस्को–बीजिंग की बढ़ती निकटता से वह अलग–थलग पड़ जाएगा। लद्दाख इलाके में जून 2020 में हुई खूनी झड़पों में 20 भारतीय और कम से कम चार चीनी सैनिक मारे गए थे और इसके कारण दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है।

यह स्थिति दिल्ली को चुभी और चिंतित सरकार ने आनन–फानन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा का कार्यक्रम बनाया। आखिरकार रूस को भारत की जितनी जरूरत है, उससे कहीं ज्यादा जरूरत भारत को रूस की है। प्रतिरक्षा और तेल के लिए अभी भी भारत काफी हद तक रूस पर निर्भर है। रूस के लिए भारत वित्तीय दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है और दोनों देशों का आपसी व्यापार पिछले वर्ष करीब 65 अरब डॉलर था मगर इसमें ज्यादातर राशि रूस से निर्यात के भुगतान की है, जिसके नतीजे में भारत का व्यापार घाटा बहुत तेजी से बढ़ा है। इस बात पर मोदी ने भी श्गपशपश्य के दौरान चिंता जाहिर की।

लेकिन श्गपशपश्य के दौरान सिर्फ मीठी–मीठी बातें ही नहीं हुईं, बल्कि इसमें तकरार के क्षण भी आए। आखिरकार युद्ध का दुष्प्रभाव भारत को भी झेलना पड़ा है। मोदी ने जल्दी से जल्दी उन भारतीयों को मुक्त कराने की मांग की, जिन्हें पिछले कुछ वर्षों में यूक्रेन से लड़ने के लिए रूसी सेना में शामिल होने के लिए बहलाया–फुसलाया गया था। अब तक इनमें से कम से कम चार की मौत युद्धक्षेत्र में हो चुकी है। पुतिन ने वायदा किया कि सभी भारतीयों को रूसी सेना की सेवाओं से मुक्त करके वापिस स्वदेश भेज दिया जाएगा।

मोदी की रूस की यह पहली दोपक्षीय विदेश यात्रा अमेरिका को पसंद नहीं आई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मोदी से मॉस्को में यूक्रेन की अखंडता के मुद्दे पर जोर देकर बात करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने रूस से संबंधों को लेकर भारत से चिंता जाहिर की है।

भारत इस समय किसी नट की तरह, दो खंभों के बीच बंधी रस्सी पर संतुलन बनाए रखकर चलने की कोशिश कर रहा है। वो दोनों पक्षों से पूरा–पूरा लाभ हासिल करना चाहता है। वह अमेरिका और पश्चिम का सहयोगी बनना चाहता है। वह चाहता है कि पूरी दुनिया उसे विश्वगुरु माने। लेकिन जो गुरु अपने चेलों की गलतियों पर चुप्पी साध ले वह कैसा गुरु। इसमें कोई संदेह नहीं कि मोदी की रूस यात्रा शीत युद्ध के समय से जारी रणनीतिक संबंधों की ही एक कड़ी है। रूस और चीन की निकटता से नई दिल्ली में बेचौनी और चिंता उत्पन्न होना स्वाभाविक है। आने वाले समय में रूस और चीन की निकटता, भारत के लिए एक मुसीबत बन सकती है। पुतिन जरा सी भी झिझक के बिना बर्बरतापूर्ण रवैया अपनाए हुए हैं और आशंका कि वे रसायनिक और छोटे परमाणु हथियारों के जरिए और भी निर्दयतापूर्ण जुल्म ढा सकते हैं।

क्या भारत इसका मूक दर्शक बना रहेगा? और यदि युद्ध रूस को थका देता है, उसकी आर्थिक स्थिति को कमजोर कर देता है, तो क्या चीन पर उसकी निर्भरता और नहीं बढ़ेगी? क्या यह भारत के लिए नुकसानदायक नहीं होगा? हम यह जानते हैं कि चीन पुतिन का समर्थन कुछ शर्तों पर ही करेगा। और इसमें कोई शंका नहीं होनी चाहिए कि भारत–चीन विवाद की स्थिति में रूस वैसा ही आचरण करेगा जैसा आज भारत कर रहा हैदृ न काहू से दोस्ती, न काहू से बैर।

## आज का राशिफल

मेष राशि–आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े–बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को आज किसी बड़ी कंपनी में जॉब मिलेगी।

वृष राशि–आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप कोइ नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

मिथुन राशि–आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं।

कर्क राशि–आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो काम समय से पूरा हो जायेगा। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। वाहन चलाते समय धैर्य और समझदारी रखें। आज परिवार के कामों में आप व्यस्त रहेंगे।

सिंह राशि–आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। परिवार का माहौल आज अच्छा रहेगा। आज धार्मिक गतिविधि में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से आपको फायदा होगा। आज जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं ।

कन्या राशि–आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। आज ऑफिस के कार्य मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे। आज आपके पास बहुत–सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं ।आज परिवार के सदस्य और दोस्तों के साथ समय बीत सकता है।

तुला राशि–आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है लम्बे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा ।माता के साथ घर के कामों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल– मेल बना रहेगा।

वृश्चिक राशि–आज का दिन आपके अच्छा रहने वाला है। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही खास है आप अपना समय मन–पसंद काम करने में बिता सकती हैं। इस राशि के मंत्रियों की विदेशी यात्रायें हो सकती है। किसी बात को लेकर भाई–बहन से विचार विमर्श करेंगे।

धनु राशि–आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। आप परिवारवालों के साथ समय बितायेंगें घर में खुशी का महौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। कहीं रूका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा।

मकर राशि–आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजनीति से जुडे लोगो के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाए अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती है दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी स्वास्थ्य फिट रखने के लिए योग की रूटीन अपनाएं, फायदा मिलेगा।

कुंभ राशि–आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में ऑफिस के कलीग्स के साथ बाहर जा सकते हैं। लवमेट के रिश्ते की बात घर पर होगी, जिससे घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स पर काम करते हैं, उनकी जान–पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे उन्हें काफी लाभ मिलेगा।

मीन राशि–आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के टैक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। छात्र आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनायेंगे।

# वाइडेन को किनारे लगाने की योजना पर काम कर रहे ओबामा ? नैंसी पेलोसी के साथ सीक्रेट मीटिंग



सीएनएन ने कांग्रेस के एक दर्जन से अधिक सदस्यों और ओबामा तथा पेलोसी के करीबी व्यक्तियों का साक्षात्कार लिया। उनका सुझाव है कि अपनी उम्मीदवारी को स्थिर करने के हालिया प्रयासों के बावजूद, बाइडेन का अभियान अपने अंत के करीब हो सकता है। बराक ओबामा और नैन्सी पेलोसी ने राष्ट्रपति जो बाइडेन अभियान के बारे में निजी तौर पर बात की और डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ 2024 का चुनाव जीतने की उनकी क्षमता पर चिंता व्यक्त की। सीएनएन की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है, दोनों पूर्व नेता बाइडेन के पुनर्निर्वाचन अभियान की मुश्किलों को लेकर चिंतित हैं, फिर भी दोनों इस बारे में निश्चित नहीं हैं कि क्या करना है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि डेमोक्रेट आंतरिक संघर्षों को समाप्त करने के लिए उत्सुक हैं और कई लोग अब बाइडेन के जारी रखने और ट्रम्प को हराने पर फिर से ध्यान केंद्रित करने के फैसले के खिलाफ खड़े हैं। कई लोग ओबामा या पेलोसी से हस्तक्षेप करने का भी आग्रह कर रहे हैं, यह मानते हुए कि सीनेट के बहुमत नेता चक शूमर को बाइडेन के विश्वास की कमी है और हाउस माइनॉरिटी लीडर हकीम जेफरीज के राष्ट्रपति के साथ गहरे संबंध नहीं हैं।सीएनएन ने कांग्रेस के एक दर्जन से अधिक सदस्यों और ओबामा तथा पेलोसी के करीबी व्यक्तियों का साक्षात्कार लिया। उनका सुझाव है कि अपनी उम्मीदवारी को स्थिर करने के हालिया प्रयासों के बावजूद, बाइडेन का अभियान अपने अंत के करीब हो सकता है। डेमोक्रेट्स ओबामा और पेलोसी से आगामी चुनाव से पहले और अधिक नुकसान से बचने के लिए अपनी स्थिति स्पष्ट करने का आग्रह कर रहे हैं। पेलोसी के सहयोगियों का मानना घ्है कि वह बाइडेन को दौड़ से हटने की सलाह देकर उथल–पुथल का समाधान कर सकती हैं। जबकि पेलोसी ने हालिया बहस के बाद से बाइडेन से बात की है, लेकिन उन्होंने दौड़ में बने रहने की उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि नहीं की है। एक सहयोगी के माध्यम से, उन्होंने आगे टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। पिछले दो हफ्तों में ओबामा की सार्वजनिक चुप्पी ने कई डेमोक्रेटों की परेशानी को बढ़ाया है। बहस के बाद ओबामा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, श्बुरी बहस की रातें होती हैं। मुझ पर भरोसा करें, मैं जानता हूं। उनके 2012 के पुनर्निर्वाचन अभियान की भावनाएं प्रतिध्वनित हो रही हैं। हालाँकि, जॉर्ज क्लूनी जैसे उनके निजी सहयोगी बिडेन की संभावनाओं के बारे में मुखर रहे हैं और यहां तक घ्कि पूर्व राष्ट्रपति का संदेह भी वाशिंगटन में अच्छी तरह से जाना जाता है।

# नेपाल में एक साल में तीसरी बार बदलेगी सरकार, विश्वास मत हार गए प्रचंड



नेपाल की प्रतिनिधिसभा में कुल 275 सीटें हैं। उसमें नेपाली कांग्रेस की 89 सीटें हैं। सीपीएनयूएमएल के पास 78 सीटें हैं। दोनों मिलाकर 167 सीट होते हैं। बहुमत के लिए केवल 138 सीट चाहिए होते हैं।भारत के पड़ोसी देश में राजनीतिक अस्थिरता का दौर लगातार जारी है। नेपाल में पिछले एक साल में तीन सरकार तीसरी बार सरकार बदलने जा रही है। नेपाल में पिछले 13 सालों में 16 सराकारें बन और गिर चुकी हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल संघीय संसद के निचले सदन में विश्वास मत हार गए। दहल विपक्ष में 194 और समर्थन में 63 वोटों के साथ विश्वास प्रस्ताव हार गए। दहल का संसद से राष्ट्रपति कार्यालय जाना तय है। जबकि एक विधायक अनुपस्थित रहे। संसद में कुल 258 सांसद मौजूद थे। नेपाल की प्रतिनिधिसभा में कुल 275 सीटें हैं। उसमें नेपाली कांग्रेस की 89 सीटें हैं। सीपीएनयूएमएल के पास 78 सीटें हैं। दोनों मिलाकर 167 सीट होते हैं। बहुमत के लिए केवल 138 सीट चाहिए होते हैं। कहा जा रहा है कि दोनों पार्टियों के बीच जो समझौता हुआ है उसके मुताबिक दोनों चुनाव प्रक्रिया में सुधार के साथ पॉवर शेयरिंग फॉर्मूले का रोडमैप भी तैयार करेंगे। विश्वास मत जीतने के लिए संविधान के अनुच्छेद 100 खंड 2 के अनुसार, यदि प्रधानमंत्री जिस पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं वह विभाजित हो जाती है या गठबंधन सरकार का कोई सदस्य समर्थन वापस ले लेता है, तो उन्हें 30 दिनों के भीतर विश्वास मत हासिल करना होता है। 25 दिसंबर, 2022 को शीर्ष कार्यकारी पद संभालने के बाद डेढ़ साल के भीतर 69 वर्षीय प्रधान मंत्री प्रचंड के लिए यह पांचवां विश्वास मत होगा। उन्हें 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 वोटों की आवश्यकता है।

# भूस्खलन में 7 भारतीयों सहित पांच दर्जन से अधिक लोग लापता, 3 जीवित बचे

दोनों बसें करीब तीन बजे नदी में बह गईं। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, भूस्खलन के कारण बसें त्रिशूली नदी में गिरने से पहले तीन यात्री सुरक्षित बच निकलने में सफल रहे। वे फिलहाल उपचाराधीन हैं। अधिकारियों ने खोज और बचाव कर्मियों को उस क्षेत्र की तलाशी के लिए भेज दिया है। नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आई दो बसों के उफनाई नदी में बहने से उनमें सवार 60 से अधिक यात्री लापता हो गए है। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार इस हादसे में सात भारतीय भी लापता हो गए है। उफनाई त्रिशूली नदी में ये बसें बह गई है।जानकारी के मुताबिक दोनों बसें करीब तीन बजे नदी में बह गईं। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, भूस्खलन के कारण बसें त्रिशूली नदी में गिरने से पहले तीन यात्री सुरक्षित बच निकलने में सफल रहे। वे फिलहाल उपचाराधीन हैं। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने खोज



और बचाव कर्मियों को उस क्षेत्र की तलाशी के लिए भेज दिया है, जहां उन्हें चितवन जिले में जीवित लोग मिले थे। चितवन देश की राजधानी काठमांडू से लगभग 100 किलोमीटर (60 मील) पश्चिम में है।एक आधिकारिक सूत्र ने रॉयटर्स को बताया, ष्काठमांडू से गौर जा रही बस में 41 लोग सवार थे, और बीरगंज से काठमांडू जा रही बस में 24 लोग सवार थे।ष एपी की रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी प्रशासक खिमानंद भूसल ने बताया कि शुक्रवार सुबह तीसरी बस भी भूस्खलन की चपेट में आ गई, जिससे चालक की मौत हो गई।पुलिस प्रवक्ता दान बहादुर कार्की ने रॉयटर्स को बताया कि काठमांडू से 150 किलोमीटर दूर कास्की जिले में भूस्खलन से तीन घर बह गए, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई। गुरुवार की रात पोखरा के रिसॉर्ट शहर के पास भूस्खलन में सात लोगों के एक परिवार की मौत हो गई। एपी की रिपोर्ट के अनुसार, जिस झोपड़ी में परिवार सो रहा था, वह भूस्खलन की वजह से नष्ट हो गई और इलाके के तीन अन्य घरों को भी नुकसान पहुंचा।रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य जून से अब तक नेपाल में भूस्खलन और बाढ़ से कम से कम 91 लोगों की मौत हो चुकी है। पीटीआई के अनुसार, मानसून आपदाओं के कारण एक दशक में 1,800 से अधिक लोगों की जान चली गई, लगभग 400 लोग लापता हैं और 1400 से अधिक घायल हुए हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने देश में बाढ़ की स्थिति पर दुख और चिंता व्यक्त की। श्एक्सश पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि सरकारी एजेंसियां घ्लापता लोगों की तलाश कर रही हैं।

# फिर से चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं, ट्रंप को हराऊंगा जो वाइडन



संवाददाताओं से बातचीत में हालांकि बाइडन ने दो बड़ी गलतियां कीं, जिससे उनकी उम्र और स्वास्थ्य को लेकर जताई जा रही चिंताओं को खारिज करने के उनके प्रयासों पर पानी फिर गया। वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन के समापन के मौके पर संवाददाताओं से मुखातिब बाइडन ने दावा किया कि कोई भी व्यक्ति उनसे यह नहीं कह रहा है कि वह दोबारा चुनाव नहीं जीत सकते।वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ एक बार फिर चुनाव लड़ने के लिए ''प्रतिबद्ध'' हैं। संवाददाताओं से बातचीत में हालांकि बाइडन ने दो बड़ी गलतियां कीं, जिससे उनकी उम्र और स्वास्थ्य को लेकर जताई जा रही चिंताओं को खारिज करने के उनके प्रयासों पर पानी फिर गया। वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन के समापन के मौके पर संवाददाताओं से मुखातिब बाइडन ने दावा किया कि कोई भी व्यक्ति उनसे यह नहीं कह रहा है कि वह दोबारा चुनाव नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि किसी सर्वेक्षण में भी यह बात सामने नहीं आई है कि वह चुनाव नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि यह एकमात्र कारण होगा, जिसके चलते वह राष्ट्रपति पद की दावेदारी की दौड़ से पीछे हटने पर विचार करेंगे। बाइडन (81) अमेरिका के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति हैं। उन्होंने कहा, ''मैं चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मुझे लगता है कि मैं राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए सबसे योग्य व्यक्ति हूं। मैंने उन्हें (ट्रंप को) एक बार हराया था और अब मैं उन्हें फिर से हराऊंगा।'' अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ''इसके अलावा, यह विचार कि राष्ट्रपति पद की दावेदारी की दौड़ में शामिल सीनेटर और कांग्रेस सदस्य टिकट को लेकर चिंतित हैं, असामान्य नहीं है और मैं कहना चाहूंगा कि राष्ट्रपति चुनाव की दावेदारी की दौड़ में शामिल कम से कम पांच राष्ट्रपति ऐसे थे, जिनकी लोकप्रियता का स्तर मेरी मौजूदा लोकप्रियता की तुलना में कम था।'' बाइडन ने कहा, ''इसलिए इस अभियान में अभी बहुत लंबा सफर तय करना है और इसलिए मैं बस चलता रहूंगा, आगे बढ़ता रहूंगा।'' सवाल–जवाब सत्र की शुरुआत में बाइडन ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से जुड़ी एक टिप्पणी में उनकी जगह गलती से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम ले लिया। बाइडन ने कहा, ''मैंने शुरू से ही इससे इनकार नहीं किया है। कमला हैरिस भी राष्ट्रपति बनने के योग्य हैं। मैंने इसलिए उन्हें चुना।'' हालांकि, अगली टिप्पणी में राष्ट्रपति ने कमला की जगह ट्रंप का नाम ले लिया। इससे पहले, ट्रंप ने दिन की शुरुआत में भी ऐसी ही गलती की थी। नाटो शिखर सम्मेलन में वोलोदिमीर जेलेंस्की का परिचय कराते समय उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति को ''राष्ट्रपति जेलेंस्की'' की जगह ''राष्ट्रपति पुतिन'' बोल दिया था। संवाददाता सम्मेलन में बाइडन राष्ट्रपति चुनाव की ड्रेमोक्रेटिक उम्मीदवारी की होड़ से बाहर निकलने की पार्टी नेताओं की मांग को एक बार फिर खारिज करते नजर आए। यह पूछे जाने पर कि क्या कुछ डेमोक्रेटिक सांसदों के डर के बावजूद वह दौड़ में बने रहने के लिए दृढ़ हैं, बाइडन ने कहा, ''मैं चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं, लेकिन मुझे लगता है कि उनका डर दूर करना महत्वपूर्ण है। उन्हें मुझे वहां देखने दीजिए।'' राष्ट्रपति ने दावा किया कि उनकी प्रचार अभियान टीम मजबूत है और उन प्रांतों में कड़ी मेहनत कर रही है, जहां ''कड़ी चुनौती मिल सकती है।'' उन्होंने कहा, ''और देखिए, चूंकि मुझे बहुत सारे काम पूरे करने हैं। हमने बहुत प्रगति की है। इस बारे में सोचें कि बाकी दुनिया के मुकाबले हम आर्थिक रूप से कहां हैं। मुझे ऐसे विश्व नेता का नाम बताएं, जो हमारी अर्थव्यवस्था के साथ व्यापार नहीं करना चाहेगा। हमने विनिर्माण क्षेत्र में 8,00,000 से अधिक नौकरियां सृजित कीं...इसलिए चीजें आगे बढ़ रही हैं। हमें और भी बहुत कुछ करना है।

# नेपाल में 59 यात्रियों को ला रहा विमान 'रनवे' पर फिसला, कोई हताहत नहीं

'काठमांडू पोस्ट' समाचार पत्र ने रूपान्देही जिला पुलिस प्रवक्ता मनोहर प्रसाद भट्टा के हवाले से बताया कि 'बुद्ध एयर' विमान संख्या 805 बृहस्पतिवार रात लुम्बिनी प्रांत के सिद्धार्थनगर स्थित गौतमबुद्ध हवाई अड्डे पर उतरते समय कीचड़ में फंस गया, जिसके बाद वह 'रनवे' से फिसल गया।काठमांडू। नेपाल की निजी विमानन कंपनी 'बुद्ध एयर' का एक विमान बृहस्पतिवार की रात लुम्बिनी प्रांत में उतरते समय 'रनवे' पर फिसल गया। एक मीडिया खबर के अनुसार वाहन में 59 लोग सवार थे। घटना में किसी भी यात्री के घायल होने की कोई खबर नहीं है। 'काठमांडू पोस्ट' समाचार पत्र ने रूपान्देही जिला पुलिस प्रवक्ता मनोहर प्रसाद भट्टा के हवाले से बताया कि 'बुद्ध एयर' विमान संख्या 805 बृहस्पतिवार रात लुम्बिनी प्रांत के सिद्धार्थनगर स्थित गौतमबुद्ध हवाई अड्डे पर उतरते समय कीचड़ में फंस गया, जिसके बाद वह 'रनवे' से फिसल गया। उन्होंने बताया कि चालक दल के चार सदस्यों समेत विमान में सवार सभी 59 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने बताया कि विमान रनवे पर है और हवाई अड्डा अभी बंद है। 'बुद्ध एयर' ललितपुर की एक निजी एयरलाइन है। यह नेपाल के भीतर घरेलू उड़ानों के साथ–साथ भारत, मुख्य रूप से वाराणसी के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करती है।



# भारत की जनसंख्या 2060 के दशक की शुरुआत में 1.7 अरब तक पहुंच जाएगी

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि भारत की जनसंख्या 2060 के दशक की शुरुआत में लगभग 1.7 अरब तक पहुंच जाने का अनुमान है और इसके बाद इसमें 12 प्रतिशत की कमी आएगी, लेकिन इसके बावजूद यह पूरी शताब्दी के दौरान विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा।संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि भारत की जनसंख्या 2060 के दशक की शुरुआत में लगभग 1.7 अरब तक पहुंच जाने का अनुमान है और इसके बाद इसमें 12 प्रतिशत की कमी आएगी, लेकिन इसके बावजूद यह पूरी शताब्दी के दौरान विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा। बृहस्पतिवार को यहां जारी 'वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2024' रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले 50–60 वर्षों के दौरान दुनिया की जनसंख्या में वृद्धि जारी रहने का अनुमान है और 2024 में यह 8.2 अरब तक पहुंच जाएगी, जबकि 2080 के दशक के मध्य तक लगभग दुनिया की आबादी लगभग 10.3 अरब हो जाएगी। हालांकि, चरम स्थिति पर पहुंचने के बाद वैश्विक जनसंख्या में धीरे–धीरे गिरावट आने का अनुमान है और यह सदी के अंत तक घटकर 10.2 अरब रह जाएगी। रहने की संभावना है, हालांकि 2060 के दशक की शुरुआत में इसकी आबादी लगभग 1.7 अरब तक पहुंचने के बाद बावजूद यह दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा। भारत की जनसंख्या के अनुमान पर पीटीआई– द्वारा पूछे



भारत पिछले साल चीन को पीछे छोड़कर विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया था और 2100 तक यह उसी स्थान पर बना रहेगा। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (डीईएसए) के जनसंख्या प्रभाग द्वारा प्रकाशित संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है, इस शताब्दी में भारत के सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बने इसमें 12 प्रतिशत की गिरावट आने का भी अनुमान है।'' रिपोर्ट के अनुसार भारत की जनसंख्या 2024 में 1.45 अरब तक पहुंच सकती है।

वहीं, 2054 में यह बढ़कर 1.69 अरब तक पहुंच जाएगी। इसके अनुसार यह भी अनुमान है कि सदी के अंत तक 2100 में भारत की आबादी घटकर 1.5 अरब हो जाएगी, लेकिन इसके गए सवाल का जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र डीईएसए के जनसंख्या प्रभाग की वरिष्ठ अधिकारी क्लेयर मेनोजी ने कहा, भारत वर्तमान में जनसंख्या के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा देश है और पूरी शताब्दी में इसके शीर्ष पर ही बने रहने का अनुमान है। वर्तमान में भारत की जनसंख्या 1.45 अरब तक पहुंच सकती है और बाद में यह बढ़कर 1.69 अरब भी हो जाएगी।

# वाइडेन ने फिर करा दी अमेरिका की बेइज्जती, कमला हैरिस को उपराष्ट्रपति ट्रंप बता दिया





जो बाइडेन कन्फ्यूज हो गए हैं। तभी उनका हाथ पकड़कर वो उन्हें बाकी राष्ट्राध्यक्षों के साथ लाकर खड़ा कर देती हैं। एक बार फिर जो बाइडेन बेइज्जती का सबब बन चुके हैं। अमेरिका को बार–बार राष्ट्रीयस्तर पर शर्मिंदगी का सामना करता पड़ता है। कन्फ्यूज से दिखने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इन दिनों अमेरिका के लिए पब्लिक अपियरेंस में राष्ट्रपति के तौर पर काफी कमजोर नजर आ रहे हैं। जी7 की वो तस्वीर आपको याद होगी कि किस तरह से जो बाइडेन बाकी राष्ट्राध्यक्षों से दूर जाते हुए नजर आए थे। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी का ध्यान जैसे ही उन पर पड़ा उन्हें अंदाजा हो गया कि जो बाइडेन कन्फ्यूज हो गए हैं। तभी उनका हाथ पकड़कर वो उन्हें बाकी राष्ट्राध्यक्षों के साथ लाकर खड़ा कर देती हैं। एक बार फिर जो बाइडेन बेइज्जती का सबब बन चुके हैं। अमेरिका को बार–बार राष्ट्रीयस्तर पर शर्मिंदगी का सामना करता पड़ता है। जी7 के बाद अब मौका नाटो का था। नाटो में भी जो बाइडेन ने कुछ ऐसा ही किया। इस बार दो दफा ऐसा कुछ हुआ कि जो बाइडेन की जुबान फिसली और अमेरिका को बेइज्जती का सामना करना पड़ा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वाशिंगटन में आयोजित नाटो कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान गलती से कमला हैरिस को श्उपराष्ट्रपति ट्रम्पश बता दिया। इस कार्यक्रम में नाटो सदस्यों ने फरवरी 2022 में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा शुरू किए गए आक्रमण का मुकाबला करने के लिए यूक्रेन को समर्थन दिया। बाइडेन को दानदाताओं, समर्थकों और साथी डेमोक्रेट्स के संदेह का सामना करना पड़ रहा है, जिन्हें डर है कि अब उनके पास 5 नवंबर के चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प को हराने या अगले चार साल के कार्यकाल के लिए देश का नेतृत्व करने की क्षमता नहीं है। इससे पहले यूक्रेन के लिए नाटो के स्थायी समर्थन के बारे में बाइडेन के भाषण के अंत में गलती हुई। जब उन्होंने यूक्रेन में युद्ध की समाप्ति के बाद पश्चिमी देशों से सुरक्षा की गारंटी देने का वादा किया तो वह अपनी टिप्पणी के दौरान बोलते बोलते लड़खड़ाए। फिर गलती से जेलेंस्की को पुतिन बता दिया।

# वाइडेन ने जेलेस्की के साथ किया कुछ ऐसा, हैरान रह जाएंगे पुतिन

वैसे वक्त रहते बाइडेन ने अपनी भूल में सुधार कर लिया। लेकिन नाटो शिखर सम्मेलन को बाइडेन के राष्ट्रपति अभियान से पहले अपनी स्थिति मजबूत करने का एक प्लेटफॉर्म माना जा रहा था।राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन के लिए एक सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर नाटो शिखर सम्मेलन में मंच पर गलती से यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की को राष्ट्रपति पुतिन के रूप में संदर्भित कर दिया। यूक्रेन के लिए नाटो के स्थायी समर्थन के बारे में बाइडेन के भाषण के अंत में गलती हुई। जब उन्होंने यूक्रेन में युद्ध की समाप्ति के बाद पश्चिमी देशों से सुरक्षा की गारंटी देने का वादा किया तो वह अपनी टिप्पणी के दौरान बोलते बोलते लड़खड़ाए। फिर गलती से जेलेंस्की को पुतिन बता दिया। बाइडेन ने जेलेंस्की का परिचय कराते ने कहा कि देवियों और सज्जनों, राष्ट्रपति पुतिन। फिर वह माइक छोड़कर जाने लगे. इतने में वह वापस माइक पर आए। वैसे वक्त रहते बाइडेन ने अपनी भूल में सुधार कर लिया। लेकिन नाटो शिखर सम्मेलन को बाइडेन के राष्ट्रपति अभियान से पहले अपनी स्थिति मजबूत करने का एक प्लेटफॉर्म माना जा रहा था। बाइडेन ने अपनी गलती सुधारते हुए कहा कि उनका फोकस पुतिन को हराने पर है।

# कोच के साथ बदसलूकी का आरोप लगने के बाद शाहीन अफरीदी ने तोड़ी चुप्पी, वीडियो शेयर कर कही दिल की बात

शाहीन अफरीदी पर टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दौरान कोच के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप गा है। जिसके बाद सोशल मीडिया पर शाहीन को ट्रोल किया जा रहा है। इन आरोपों के बीच युवा खिलाड़ी ने वीडियो शेयर करके सभी को जवाब दिया है। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी पर टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दौरान कोच के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप गा है। जिसके बाद सोशल मीडिया पर शाहीन को ट्रोल किया जा रहा है। इन आरोपों के बीच युवा खिलाड़ी ने वीडियो शेयर करके सभी को जवाब दिया है। उन्होंने साफ तौर पर तो कुछ नहीं कहा लेकिन हालातों को देखकर यही माना जा रहा है कि शाहीन ने मौजूदा स्थिति को देखकर ये वीडियो शेयर किया है। शाहीन अफरीदी ने शेयर किया वीडियो शाहीन अफरीदी ने अपनी गेंदबाजी करते हुए पांच सेकंड का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह गेंदबाजी करते हुए नजर आए। शाहीन ने वीडियो के साथ जो कैप्शन लिखा उसने सबका ध्यान खींचा है। शाहीन ने लिखा कि ऊपर



उठो। इसी को देखकर फैंस ये अंदाजा लगा रहे हैं कि शाहीन के वीडियो शेयर करने की पीछे की वजह यही विवाद है। वहीं पीसीबी ने हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप 2024 में शर्मनाक प्रदर्शन को देखते हुए दो चयनकर्ता वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को उनके पद से हटा दिया था।

# जेम्स एंडरसन Test क्रिकेट में 40,000 गेंद फेंकने वाले पहले तेज गेंदबाज बने, वेस्टइंडीज के खिलाफ खेल रहे अपना आखिरी टेस्ट

एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में 40 हजार गेंद फेंकने का कमाल कर डाला और क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में बतौर तेज गेंदबाज ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने। इसके अलावा उन्होंने मुथैया मुरलीधरन, अनिल कुंबले और शेन वॉर्न की खास लिस्ट में भी जगह बना ली है।इंग्लैंड क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आखिरी टेस्ट मैच खेल रहे हैं। इस टेस्ट मैच के दूसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरी पारी में उन्होंने 10 ओवर में 11 रन देकर 2 विकेट लिए और 5 ओवर मेडन भी फेंके। अपनी गेंदबाजी के दौरान एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में 40 हजार गेंद फेंकने का कमाल कर डाला और क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में बतौर तेज गेंदबाज ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने। इसके अलावा उन्होंने मुथैया मुरलीधरन, अनिल कुंबले और शेन वॉर्न की खास लिस्ट में भी जगह बना ली है।

एंडरसन ने की दिग्गजों की बराबरीवहीं जेम्स एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में 40,000 गेंद फेंकने का कमाल किया। वो टेस्ट क्रिकेट में ऐसा करने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बने, लेकिन ओवरऑलर वो टेस्ट में ऐसा करने वाले चौथे गेदंबाज बने। उनसे पहले ये कमाल मुथैया मुरलीधरन, अनिल कुंबले और शेन वॉर्न कर चुके हैं। अब एंडरसन इन सभी पूर्व दिग्गज गेंदबाजों



की लिस्ट में शामिल हो गए। वो टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा गेंद फेंकने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं जबकि मुरलीधरन पहले स्थान पर हैं। 40000 गेंद फेंकने वाले पहले तेज गेंदबाज एंडरसन वर्ल्ड के पहले ऐसे फास्ट बॉलर बन गए जिन्होंने टेस्ट में 40 हजार गेंद फेंकने का कमाल किया है। वो टेस्ट में सबसे ज्यादा गेंद फेंकने वाले तेज गेंदबाज भी हैं।

इस लिस्ट में 33698 गेंद फेंकने वाले एंडरसन के साथी गेंदबाज रह चुके स्टुअर्ट ब्रॉड दूसरे नंबर पर हैं जबकि कर्टनी वॉल्श लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। ग्लेन मैक्ग्रा चौथे जबकि कपिल देव इस लिस्ट में पांचवे नबंर पर हैं।

# भारत ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाकर टी20 विश्व कप जीता – लक्ष्मण

भारतीय क्रिकेट टीम के जुझारूपन की तारीफ करते हुए कहा कि खिलाड़ियों और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का जश्न मनाने का अंदाज साबित करता है कि इस जीत के उनके लिये क्या मायने थे। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 29 जून को बारबडोस में खेले गए फाइनल में सात रन से हराकर 11 साल में पहली बार आईसीसी खिताब जीता।नयी दिल्ली। महान बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने हार की कगार पर पहुंचकर टी20 विश्व कप में खिताबी जीत दर्ज करने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के जुझारूपन की तारीफ करते हुए कहा कि खिलाड़ियों और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का जश्न मनाने का अंदाज साबित करता है कि इस जीत के उनके लिये क्या मायने थे। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 29 जून को बारबडोस में खेले गए फाइनल में सात रन से हराकर 11 साल में पहली बार आईसीसी खिताब जीता। लक्ष्मण ने बीसीसीआई द्वारा एक्स पर डाले गए



वीडियो में कहा ,'' दक्षिण अफ्रीका को आखिरी पांच ओवर में 30 रन चाहिये थे। उसके बाद से जुझारूपन, दृढता और आत्मविश्वास दिखाकर हार की कगार से जीत छीन लेना दिखाता है कि यह टीम कितनी मजबूत है।'' उन्होंने कहा ,'' सभी ने इतनी मेहनत की थीऔर जीत के बाद का जश्न इस सफलता के पीछे की बड़ी कहानी कहता है।'' बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख लक्ष्मण ने कहा ,'' विश्व कप जीतना खास है। जब आप सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलकर ट्रॉफी जीते तो उसके मायने और बढ जाते हैं।'' उन्होंने कहा ,'' सभी ने अपने जज्बात जाहिर किये और इससे पता चलता है कि हर एक खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के लिये यह जीत क्या मायने रखती है। आपने हार्दिक पंड्या को आखिरी गेंद डालने के बाद रोते हुए देखा। रोहित शर्मा को मैदान पर देखा।'' लक्ष्मण ने कहा ,'' पूरा देश जीत का जश्न मना रहा है। हम छह महीने पहले भी जीत के करीब पहुंचे थे लिहाजा यह जीत खास थी। हमें वनडे विश्व कप जीतना चाहिये था क्योंकि पूरे टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ होने के बाद हम फाइनल में हार गए थे।'' आम तौर पर सार्वजनिक तौर पर अपनी भावनायें व्यक्त नहीं करने वाले द्रविड़ के खुलकर जश्न मनाने के बारे में उन्होंने कहा ,'' मैने उसके साथ इतनी क्रिकेट खेली है और उसे इतने साल से जानता हूं और उसका इस तरह जश्न मनाना। जब आखिरी गेंद डाली गई या टीम के सदस्यों के साथ बातचीत में या ट्रॉफी थामते समय।'' उन्होंने कहा ,'' रोहित और विराट कोहली ने उसे ट्रॉफी सौंपकर बहुत अच्छा किया और ट्रॉफी थामने के बाद उसने जिस तरह से जश्न मनाया, उससे साबित होता है कि इस जीत के सभी के लिये क्या मायने थे।'' लक्ष्मण ने टी20 प्रारूप में योगदान के लिये विराट , रोहित और रविंद्र जडेजा की तारीफ की। तीनों ने इस प्रारूप को अलविदा कह दिया है। उन्होंने कहा ,'' इस खेल के तीन दिग्गजों विराट, रोहित और जडेजा को इस महान खेल में उनके योगदान के लिये मैं बधाई देता हूं। उन्होंने जिस जुनून का प्रदर्शन किया, वह अप्रतिम है। मुझे उम्मी है कि वह दूसरे प्रारूपों में देश का नाम रोशन करते रहेंगे।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ भारतीय युवा ब्रिगेड की नजरें सीरीज जीतने पर होंगी।

टीम इंडिया जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार को चौथे टी20 मैच के जरिये सीरीज अपने नाम करके एक नये दौर का आगाज करने के इरादे से उतरेगी। पहले मैच में अप्रत्याशित हार के बाद शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा मैच भारी अंतर से जीतकर 2–1 से बढत बना ली है। भारतीय क्रिकेट की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार को चौथे टी20 मैच के जरिये सीरीज अपने नाम करके एक नये दौर का आगाज करने के इरादे से उतरेगी। पहले मैच में अप्रत्याशित हार के बाद शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा मैच भारी अंतर से जीतकर 2–1 से बढत बना ली है। मौजूदा क्रिकेट परिदृश्य में जिम्बाब्वे पर जीत बहुत बड़ी नहीं कही जायेगी लेकिन



इससे उन युवाओं में उम्मीद जरूर पैदा होगी जो आधुनिक क्रिकेट के कुछ दिग्गजों के संन्यास के बाद भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में हैं। इनमें वॉशिंगटन सुंदर और अभिषेक शर्मा शामिल हैं। टी20 क्रिकेट से रविंद्र जडेजा के संन्यास के बाद वॉशिंगटन की नजरें स्पिन हरफनमौला के रूप में टीम में जगह पक्की करने पर लगी है। जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने 4–5 की इकॉनॉमी रेट से छह विकेट लिये। श्रीलंका दौरे के लिये सफेद गेंद की टीम चुनते समय उनके नाम पर विचार जरूर होगा। उपयोगी स्पिन गेंदबाज होने के साथ वह निचले क्रम के अच्छे बल्लेबाज भी हैं। वहीं अभिषेक ने दूसरे टी20 में 47 गेंद में शतक लगाकर अपनी प्रतिभा की बानगी पेश की। भारत के पास अब इस प्रारूप में विराट कोहली और रोहित शर्मा नहीं हैं लिहाजा वह यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत काविकल्प हो सकते हैं। वह एक और अच्छी पारी खेलकर अपना दावा पक्का करना चाहेंगे। संजू सैमसन और शिवम दुबे के लिये भी इस सीरीज में बहुत कुछ दांव पर है। टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद मुंबई में विजय परेड में भाग लेकर यहां आये दुबे और सैमसन बाकी दोनों मैचों में उम्दा प्रदर्शन करना चाहेंगे। भारतीय टीम प्रबंधन अपने गेंदबाजों खासकर लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के प्रदर्शन से खुश होगा जिसकी गुगली मेजबान बल्लेबाज खेल ही नहीं पा रहे हैं। बिश्नोई, आवेश खान और वॉशिंगटन छह–छह विकेट ले चुके हैं। मुकेश कुमार को पिछले मैच में आराम दिया गया था जो आवेश की जगह खेल सकते हैं। दूसरी ओर पहला मैच जीतने के अलावा जिम्बाब्वे ने इस सीरीज में कुछ उल्लेखनीय नहीं किया है। उसके तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजाराबानी और अर्धशतक जमाने वाले डियोन मायर्स के अलावा कोई खिलाड़ी छाप नहीं छोड़ सका है। टीमें इस प्रकार हैं– भारत शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा, रूतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, मुकेश कुमार, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, खलील अहमद, तुषार देशपांडे। जिम्बाब्वे रू सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया , क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स , एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा। मैच का समय रू शाम 4 . 30 से।

## भारत और श्रीलंका 26 जुलाई से शुरू होगी श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज, बीसीसीआई ने की कार्यक्रम की घोषणा

भारतीय टीम टीम को 26 जुलाई से श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज खेलनी है। जिसके लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीसीआई ने भारत के श्रीलंका दौरे का शेड्यूल जारी किया है। जहां भारतीय टीम 26 जुलाई से श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेगी।वर्तमान में भारतीय युवा टीम जिम्बाब्वे दौरे पर है। लेकिन इसके बाद भारतीय टीम टीम को 26 जुलाई से श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज खेलनी है। जिसके लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीसीआई ने भारत के श्रीलंका दौरे का शेड्यूल जारी किया है। जहां भारतीय टीम 26 जुलाई से श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेगी। जिसके बाद दोनों टीमों के बीच इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। जो कि 1 अगस्त से शुरू होगी। ेलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज का कार्यक्रम 26 जुलाई– पहला टी20 मैच (पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम)27 जुलाई– दूसरा टी20 मैच (पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम) 9 जुलाई– तीसरा और आखिरी टी20 मैच (पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम) 1 अगस्त– पहला वनडे मैच (कोलंबो, प्रेमदासा स्टेडियम) अगस्त– दूसरा वनेड मैच (कोलंबो, प्रेमदासा स्टेडियम) 7 अगस्त– तीसरा और आखिरी वनडे मैच (कोलंबो, प्रेमदासा स्टेडियम)वहीं कहा जा रहा है कि, श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया की कमान हार्दिक पंड्या को मिल सकती है। बता दें कि, हाल ही में संपन्न हुए टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीत के बाद रोहित शर्मा ने टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। जिसके बाद हार्दिक पंड्या के नाम पर बतौर टी20 कप्तान के नाम की अटकलें शुरू हो गई हैं।

# भारत के श्रीलंका दौरे से पहले वनिंदु हसरंगा ने छोड़ी कप्तानी, टी20 वर्ल्ड कप 2024 में टीम ने किया था खराब प्रदर्शन

भारत सीमित ओवरों की सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करेगा। जिसकी शुरुआत 26, 27 और 29 जुलाई को पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के साथ होगी। इसके बाद कोलंबो में दोनों टीमों के बीच तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाएंगे। एक तरफ श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ खेली जाने वाली टी20 और वनेड सीरीज का शेड्यूल जारी किया। तो वहीं दूसरी तरफ वानिंदु हसरंगा ने भारती टीम के श्रीलंका दौरे से पहले ही टी20 फॉर्मेट की कप्तानी को छोड़ दिया। इसकी जानकारी उन्होंने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने दी है। बता दें कि, भारत सीमित ओवरों की सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करेगा। जिसकी शुरुआत , 27 और 29 जुलाई को पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के साथ होगी। इसके बाद कोलंबो में दोनों टीमों के बीच तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाएंगे। हसरंगा ने हाल में संपन्न टी20 विश्व कप में श्रीलंका की कप्तानी की थी जिसमें टीम सुपर आठ चरण में जगह बनाने में नाकाम रही थी। बयान में हसरंगा के हवाले से कहा गया कि, एक खिलाड़ी के तौर पर श्रीलंका के लिए मैं हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा और हमेशा की तरह अपनी टीम और कप्तान का समर्थन करूंगा और उनके साथ खड़ा रहूंगा।एसएलसी ने कहा कि उसने हसरंगा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। एसएलसी ने कहा कि, श्रीलंका क्रिकेट उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए यह बताना चाहता है कि हसरंगा हमारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट योजनाओं में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बने रहेंगे।

# इन लोगों का तेजी से नहीं होता है वजन कम, जान लीजिए कारण

कुछ लोगों का वजन तेजी से कम नहीं होता, चाहे वे कितनी भी कोशिश कर लें. इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे कुछ बीमारियां और शारीरिक समस्याएं. इन कारणों को जानकर और सही उपाय अपनाकर वजन घटाने में मदद मिल सकती है. आइए जानते हैं किन लोगों का वजन तेजी से नहीं कम होता और इसके पीछे के मुख्य कारण क्या हैं.

मेटाबॉलिज्म का धीमा होना

कुछ लोगों का मेटाबॉलिज्म धीमा होता है, जिससे उनका शरीर तेजी से कैलोरी बर्न नहीं कर पाता. इस कारण उनका वजन घटाना मुश्किल हो जाता है. यह वजन कम करने में बड़ी रुकावट बनता है.

हार्मोनल असंतुलन

हार्मोनल असंतुलन भी वजन घटाने में बाधा डाल सकता है. खासकर थायरॉयड की समस्या वाले लोग तेजी से वजन कम नहीं कर पाते. थायरॉयड हार्मोन के असंतुलन से मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है, जिससे शरीर कम कैलोरी बर्न करता है. इसके कारण वजन कम करना मुश्किल हो जाता है. थायरॉयड के अलावा, अन्य हार्मोनल समस्याएँ भी वजन घटाने में रुकावट बन सकती हैं.

खान–पान की वजह से



सही खान–पान न होने से भी वजन कम नहीं होता. अगर आपकी डाइट में ज्यादा तैलीय और मीठा खाना शामिल है, तो वजन कम करना मुश्किल हो जाता है. ऐसे खाने से शरीर में ज्यादा कैलोरी जमा हो जाती है, जिससे वजन घटाने में दिक्कत होती है. संतुलित और पौष्टिक आहार से ही वजन कम करना आसान होता है.

तनाव और नींद की कमी

तनाव और नींद की कमी भी वजन घटाने में रुकावट पैदा कर सकते हैं. तनाव के कारण शरीर में हार्मोनल बदलाव होते हैं, जो वजन कम करने में बाधा बनते हैं. पर्याप्त नींद न मिलने से शरीर ठीक से काम नहीं कर पाता, जिससे वजन घटाना मुश्किल हो जाता है. तनाव और अच्छी नींद का ख्याल रखना जरूरी है.

पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम

पीसीओएस से पीड़ित महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन होता है, जिससे वजन बढ़ता है और इसे कम करना मुश्किल हो जाता है. इस स्थिति में शरीर के हार्मोन संतुलन में गड़बड़ी होती है, जिससे मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है. इसके कारण महिलाओं को वजन घटाने में कठिनाई होती है. सही इलाज और बैलेंस लाइफस्टाइल से इस समस्या को कम किया जा सकता है.

# बारिश के मौसम में फूलगोभी में होने लगते हैं कीड़े, खाने से पहले साफ करके ऐसे पकाएं

सब्जी पकाने से पहले उसे अच्छी तरह से साफ करना बेहद जरूरी होता है. फूलगोभी को साफ करने के लिए साफ पानी की जरूरत होती है. फूलगोभी जैसी सब्जियों में भारी मात्रा में बैक्टीरिया होता है और अगर आप इसे साफ करके नहीं खाएंगे तो यह सेहत के लिए काफी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है.

फूलगोभी के दरारों में कीड़ा होने लगते हैं

बरसात में भी अगर आप फूलगोभी खा रहे हैं तो इससे अच्छे तरीके से साफ–सफाई करें. क्योंकि इसकी छोटी–छोटी दरारों में कई तरह की बैक्टीरिया और कीड़े होते हैं जो सेहत के लिए हानिकारक होते हैं. ये पेट में पहुंचकर गंभीर रूप से बीमार कर सकते हैं. बारिश के मौसम में इसलिए हरी –सब्जी नहीं खानी चाहिए. अगर खा भी रहे हैं तो इसके साफ–सफाई का खास ख्याल रखना चाहिए. क्योंकि इससे स्वाद और सेहत पर बुरा असर होता है.

सबसे पहले अच्छे से गोभी को काटें

फूलगोभी को काटकर अच्छे



से साफ–सफाई करना चाहिए. इसके बाहर वाली पत्तियों को हटाना चाहिए. इसे पहले मीडियम साइज में काटें. आप इसे बिना चाकू की मदद से आराम से हाथों से भी निकाल सकते हैं.फूलगोभी को पानी में भिगोएंसबसे पहले गर्म पानी नमक और बेकिंग सोडा डालकर फूलगोभी को उबालें. ऐसा करने से इसमें मौजूद बैक्टीरिया मर जाते हैं. इसमें पाई जाने वाले कीट भी बाहर निकल जाती है.

फूलगोभी सा पानी से धोएं

10–15 मिनट फूलगोभी को पानी में उबालें. और इसे अच्छी तरह से पानी में छानकर बर्तन में रख लें.सुखाएं और इस्तेमाल करें

फूलगोभी को अच्छे से सुखा लें और इसे आप अच्छी सी रेसिपी बना सकते हैं. आप फूलगोभी को साफ–सफाई करके अपने खाने में शामिल कर सकते हैं. फूलगोभी में कई पोषक तत्व और पादप यौगिक होते हैं जो दिल की बीमारी और कैंसर सहित कई बीमारियों के जोखिम को कम कर सकते हैं. फूलगोभी एक बेहद सेहतमंद सब्जी है जो पोषक तत्वों का एक महत्वपूर्ण स्रोत है. इसके अलावा, यह वजन घटाने के लिए अनुकूल है और इसे अपने आहार में शामिल करना बेहद आसान है.

फूलगोभी में फाइबर की मात्रा काफी अधिक होती है, जो पूरे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है. कप (107 ग्राम) कच्ची फूलगोभी में 2 ग्राम फाइबर होता है, जो आपकी डेली लाइफस्टाइल का 7त्न है (1 विश्वसनीय स्रोत) फाइबर महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपके पेट में स्वस्थ बैक्टीरिया को पोषण देता है जो सूजन को कम करने और पाचन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करते हैं

# क्षेत्र पंचायत जोगिया ब्लाक की बैठक सम्पन्न

ब्यूरो सिद्धार्थनगर

गरमा गर्मी के चलते सम्पन्न हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक बिगत कुछ माह से विकास खंड जोगिया के ब्लॉक प्रमुख सावित्री देवी के खिलाफ कुछ ग्राम पंचायत सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाये जिसके चलते जोगिया क्षेत्र पंचायत की विकास कार्य वाधित हो रही थी कुछ दिनों की खिंचा तनी के बाद पुनः ब्लॉक प्रमुख सावित्री देवी के मत में क्षेत्रो पंचायत सदस्यो ने मोहर लगा दी जिससे अविश्वास का विरोध थम गया विकास कार्यो को लेकर कार्य योजना की बैठक आज विकास खंड में होना तय था जिसके लिए विकास खंड जोगिया के ब्लॉक प्रमुख सावित्री देवी और प्रतिनिधि श्रीष चौधरी के साथ ग्राम प्रधान, और क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद थे बैठक सुबह 11 बजे प्रस्तावित था लेकिन 11रू20 बजे खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार पांडेय ने ये कहकर निरस्त कर दिया कि संख्या नही है जबकि मौके पर 34 लोगो के हस्ताक्षर मौजूद था खंड विकास अधिकारी द्वारा निरस्त होने की बात जब प्रमुख प्रतिनिधि को हुई तो उनके साथ मौजूद ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों विरोध जताया और आपस मे सवाल जवाब का सिलसिला शुरू हो गया कुछ देर बाद प्रमुख प्रतिनिधि ने उच्च अधिकारियों से वार्ता की और खंड विकास अधिकारी




किसी काम से वहाँ से चले गए इस बात को लेकर प्रमुख प्रतिनधि श्रीष चौधरी ने कहा कि खंड विकास अधिकारी अपने पद का गलत प्रयोग कर रहे है प्रमुख प्रतिनधि को कार्य से सबंधित कोई भी जानकारी देने से इनकार कर रहे है उनकी कार्यशैली से विकास कार्य वाधित हो रहा है और ब्लॉक का कोई भी प्रधान,और कर्मचारी इनसे संतुस्ट नही है बिना प्रमुख के प्रस्ताव से कार्य योजना बनाकर बिना हस्ताक्षर के मनरेगा के भुगतान कर रहे है उन्होंने शासन प्रशासन से खंड विकास अधिकारी के इस कार्यशैली की जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ आपदा कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा गेट पर आपदा प्रबन्धन कन्ट्रोल रूम का बैनर संबंधित अधिकारीयो और कर्मचारियों का नाम मोबाइल नंबर सहित लगाने का निर्देश दिया जिलाधिकारी ने कन्ट्रोल रूम ड्यूटी में लगाये गये कर्मचारियों से बाढ़ प्रभावित ग्राम सभाओं के प्रधानो से समस्याओं की जानकारी के संबंध में पूछताछ की ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियो द्वारा जिन ग्राम प्रधानों से वार्ता की गयी थी उनका टेलीफोन नंबर उपलब्ध कराया जिलाधिकारी ने आपदा विशेषज्ञ को निर्देश दिया कि बाढ़/दैवीय आपदा में सहायता प्रदान किये जाने के लिए बाढ़ कन्ट्रोल रूम की जिम्मेदारी अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है तहसीलवार कर्मचारियों की रोस्टरवाइज ड्यूटी लगाई जाये साथ ही दो लैंडलाइन नम्बर प्रत्येक दशा में आज शाम तक क्रियाशील कराने का निर्देश भी दिया जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित ग्राम सभाओं में फोन से वार्ता करने हेतु रजिस्टर बनाकर एवं कम्प्यूटर में एक्सल पर उस पर फोन करने का समय, व्यक्ति का नाम, तहसीलध ग्राम सभा का नाम, बात करने की अवधि, समस्या एवं किये गये समाधान को अंकितध्अपलोड करने का निर्देश दिया जिससे निरीक्षण के दौरान उच्च अधिकारियो को अवगत कराया जा सके जिलाधिकारी द्वारा तहसील डुमरियागंज के 02 ग्राम प्रधानो से आपदा प्रबन्धन कन्ट्रोल रूम



से फोन कर वार्ता की गयी लेखपाल, सचिव, आशा संगिनी सभी कर्मचारियों के बारे में पूछा गया ग्राम प्रधानो द्वारा अवगत कराया गया कि सभी कर्मचारी सम्पर्क में है गांव में किसी भी प्रकार की समस्या नही है जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानो को यह भी सुझाव दिया कि ग्राम पंचायत के अन्तर्गत कोई महिला गर्भवती है और उसकी डिलवरी शीध्र होने वाली है तो उसे चिन्हित कर सुरक्षित प्रसव हेतु निकट सीएचसीध्पीएचसी पर समय से पूर्व पहुॅचाये कन्ट्रोल रूम का टेलीफोन नम्बर 05544–297010, 297030 है जो 24 घन्टे क्रियाशील है जनपदवासी किसी भी समय बाढ़ध आपदा से संबधित कोई भी समस्या होने पर सम्पर्क कर सकते है जिससे समस्या का समाधान कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, चकबन्दी अधिकारी रियाज अहमद, आपदा विशेषज्ञ पुष्पांजलि, व अन्य संबधित कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु समय–सारणी निर्गत

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्ण कान्त राय ने बताया है कि अन्य पिछडा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोड़ कर) दशोमत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत परीक्षा परिणाम घोषित नहीं होने एवं पी०एफ०एम०एस० रिस्पान्स प्राप्त न होने तथा बैंक खाते का आधार सीडेड नहीं होने के कारण ट्रान्जेक्शन फेल्ड हो जाने के कारण छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि पाने से वंचित वित्तीय वर्ष 2023–24 के छात्र एवं छात्राओं हेतु पुनः दशमोत्तर छात्रवृत्ति समय–सारणी निर्गत किया गया है। छात्र व छात्राओं द्वारा किये गये आनलाइन आवेदन में गत वर्ष के परीक्षा परिणाम को ठीक किया जाना आवेदन पत्र आनलाइन सबमिट किया जाने तिथि 15 से 24 जुलाई, छात्रध छात्राओं द्वारा सही आवेदन को संस्था में जमा करना एवं संस्था द्वारा अभिलेखों का मिलान कर पुनः अग्रसारित करने की तिथि 16 से 30 जुलाई तथा विश्वविद्यालय व एफिलियेटिंग एजेंसी द्वारा वास्तिवक छात्रों का सत्यापन करना व अपात्र छात्र या छात्राओं को ब्लॉक करने की तिथि 31 जुलाई से 08 अगस्त तक निर्धारित है। जनपद के समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, मान्यता प्राप्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों के प्रचार्य, छात्रवृत्ति नोडल एवं उक्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र व छात्राओं को उन्होंने अवगत कराया है कि वे छात्र, छात्रायें जिनके परीक्षा परिणाम घोषित नहीं होने एवं पी०एफ०एम०एस० रिस्पान्स प्राप्त न होने तथा बैक खाते का आधार सीडेड नहीं होने के कारण ट्रान्जेक्शन फेल्ड हो जाने के कारण छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि वंचित रह गये थे। वे छात्रध्छात्राऐ उपरोक्त तिथि से अवगत होते हुए निर्धारित तिथि के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करें एवं सम्बन्धित शिक्षण संस्थान छात्र, छात्राओं द्वारा आवेदन के उपरान्त जमा किये गये आवेदन पत्र एवं अन्य अभिलेखो का मिलान कर उपरोक्त निर्धारित समयान्तर्गत आवेदन पत्र अग्रसारित करें। जिससे कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में उक्त कारण से वंचित छात्रध छात्रायें छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से लाभान्वित हो सके।

# न्याय के लिए भटक रही पीड़िता

ब्यूरो सिद्धार्थनगर

जिले के जोगिया थानांतर्गत ग्राम ग्राम सभा धेन्सा के टोला कापियां राजित निवासी अकाली महिला आज चार दिनों से न्याय के लिए भटक रही है जिसकी सुनवाई नही हो रही है मामला पिछले आठ दिन पुराना है जोगिया थाना के ग्राम सभा पलिया टेकधर के टोला कापियां मिश्र के किसी व्यक्ति के घर से कापियां राजित की निवासी अकाली के लड़के से झगड़ा हो गया जब खेत में अकाली अपने बेटे के साथ बीज काटने गई थी जिसकी शिकायत लेकर महिला कापियां मिश्र निवासी उस लड़के के घर गई वहाँ महिला के लड़के ने गाली गलौच कर दिया जिस पर ग्राम सभा पलिया निवासी राघवेंद्र मिश्र जो वहाँ से निकल रहे थे उन्होंने लड़के को ब्राम्हणों को गाली देते सुना तो उन्होंने भी लड़के की पिटाई कर दी बचाव में महिला जब गई तो उसको धक्का देते हुए उसका हाथ मरोड़ दिया। महिला ने जोगिया कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर पलिया निवासी राघवेंद्र मिश्र पर आरोप लगाया कि उन्होंने महिला को गाली दिया और उसका हाथ मरोड़ दिया और महिला को धक्का भी दिया महिला के विरोध करने पर उन्होंने गाली देते हुए उसको भगा दिया महिला अपने घर आकर सारी बात घर वालो को बताती है जिस पर परिवार के लोग प्रार्थना पत्र लेकर जोगिया कोतवाली गए लेकिन उनकी कोई सुनवाई नही हुई थक हार कर महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया है लेकिन अभी तक उसकी कोई सुनवाई नही हुई महिला ने अधिकारियों से जांच कर न्याय की गुहार लगाई है।

# प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 05 अगस्त निर्धारित

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्ण कान्त राय ने बताया है कि पिछडा वर्ग के शिक्षित एवं बेरोजगार युवकध युवतियों के लिए पूर्व संचालित ओ लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु आनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए है। योजनान्तर्गत इच्छुक प्रशिक्षणार्थी जो शिक्षित एवं बेरोजगार हो जनपद की किसी शैक्षिणक संस्था में संचालित किसी कोर्स में अध्यनरत न हों एवं उनके छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत आवेदन आनलाइन न किया गया हो। आनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदन पत्र की हार्ड–कापी एवं अपलोड समस्त शैक्षिक अभिलेखों के साथ संलग्न कर दो प्रति में कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, देवरिया के कक्ष संख्या 134 प्रथम तल विकास भवन प्राप्त कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षणदायी संस्था के माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र की हार्ड कापी कार्यालय में 05 अगस्त के सायं 05रू00 तक ही स्वीकार्य किये जायेंगे।इच्छुक शिक्षित एवं बेरोजगार छात्रध्छात्राऐ उपरोक्त तिथि के अनुसार आनलाइन आवेदन पर उक्त योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## ओआरएस कार्नर पर बनाया जा रहा घोल

# स्टॉप डायरिया अभियान के तहत दिया जा रहा ओआरएस पैकेट

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। स्टॉप डायरिया अभियान के तहत 0 से पांच साल तक बच्चे को घर–घर जाकर ओआरएस का जीवन रक्षक घोल दिया जा रहा है। इसके साथ ही कर्मी जिंक की गोलियां भी वितरित कर रहे हैं। विभाग की ओर से दो माह तक चलने वाले अभियान के तहत 1.14 लाख बच्चों को ओआरएस के दो–दो पैकेट और 14–14 जिंक की गोलियां दी जाएगी। इसके अलावा विभाग ने डायरिया से ग्रस्त बच्चों को उपचार देने के लिए ओआरटी (ओरल रिहाइड्रेशन थेरेपी) कॉर्नर भी स्थापित किए हैं। जहाँ ओआरएस घोल बनाने की जानकारी देने के साथ लोगों को ओआरएस के पैकेट दिए जा रहे हैं। सीएमओ डॉ. राजेश झा ने बताया कि डायरिया की रोकथाम के लिए पहली बार दो महीने तक अभियान चलेगा। इससे पहले केवल दो सप्ताह



तक अभियान चलाया जाता था, मगर देश में डायरिया से 0 से पांच साल तक के बच्चों की नौ फीसदी मौत की दर को देखते हुए केंद्र सरकार ने पहली बार इसकी अवधि को चार गुना बढ़ा दिया है। यह अभियान सीएचसी और पीएचसी स्तर पर चलाया गया है। उन्होंने बताया कि जिले की करीब 2600 आशा कार्यकर्ता और 428 एएनएम ओआरएस के दो–दो पैकेट और जिंक की 14–14 गोलियां घर–घर जाकर बांट रहीं हैं। आशा कार्यकर्ता बच्चों की जांच के साथ उनके माता–पिता को भी जागरूक कर रहे हैं। डायरिया होने पर बच्चों को कितना घोल दिया जाएगा उसकी जानकारी भी साझा की जा रही है।

इसके अलावा बच्चों और अभिभावकों को पानी उबालकर पीने, अच्छी तरह से हाथ होने, स्वच्छता और पोषक आहार लेने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# आयकर विभाग का आउट-रीच कार्यक्रम 14 जुलाई को रुद्रपुर में

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। आयकर अधिकारी वार्ड–3(4), देवरिया बिनीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि रुद्रपुर तहसील अंतर्गत शक्ति बैंक्वेट हॉल, सेमरौना चौक, रुद्रपुर में 14 जुलाई को सायं 04 बजे आउट–रीच कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आम लोगों को बिना किसी चूक के कर अनुपालन के निष्पादन के साथ–साथ आयकर के नियमों और विनियमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। कर अनुपालन के लिए आयकर विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में आम जनता को जागरूक किया जायेगा।

# प्रमुख सचिव ने की विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा

## प्रमुख सचिव ने कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश

प्रयागराज (आरएनएस)। महाकुंभ 2025 की दिव्यता एवं भव्यता को बढ़ाने के दृष्टिगत विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा शुक्रवार को प्रमुख सचिव, नगर विकास, अमृत अभिजात की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख सचिव ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में कार्य को अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा है कि सभी विभागों का कार्य 31 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण हो जाये। उन्होंने कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा। प्रमुख सचिव ने कार्यों की गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी से नियमित रूप से कराने एवं जांच की रिपोर्ट के अनुसार कार्य कराये जाने के लिए कहा है। बैठक में सर्वप्रथम मेलाधिकारी श्री विजय किरण आनंद ने अभी तक कराए गए कार्यों की लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति एवं उनमें आ रही समस्याओं के बारे में अवगत कराया जिसके पश्चात् कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई।

सेतु निगम द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रमुख सचिव ने सभी शेष कार्यो को ससमय एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए नए एवं पुराने ब्रिजेज पर लगे हुए जॉइंट्स के कारण आवागमन में लग रहे झटकों को कम करने के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को यथासंभव जो भी निराकरण किए जा सकते हैं उन्हें करने के निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति धीमी पाए जाने पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया तथा मैनपावर बढ़ाते हुए शेष कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगम, जल निगम, स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के दृष्टिगत उन्होंने सभी मंदिरों पर फसाड लाइटिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही सावन के दृष्टिगत मनकामेश्वर मंदिर में चल रहे कार्यों की वजह से श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो इसके दृष्टिगत सावन शुरू होने से पूर्व सर्कुलेटिंग एरिया क्लियर करने तथा वहां कराए जा रहे सभी कार्यों की डेली मॉनीटरिंग कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, आईजी प्रेम कुमार गौतम, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, पीडीए उपाध्यक्ष अरविंद चौहान, एसएसपी कुम्भ मेला सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी और जूस का करें सेवन- डा0 भंवर

प्रयागराज (आरएनएस)। आइडियल होम्योपैथिक वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की एक बैठक रामबाग के स्थिति एक होटल में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ भंवर सिंह ने कहा कि डायरिया और वायरल फीवर जब आप दूषित खाद्य पदार्थों या पेय पदार्थों से हानिकारक विषाक्त पदार्थों और रोगाणुओं को निगल सकते हैं। एक बार जब वे आपके पेट में पहुँच जाते हैं, तो विषाक्त पदार्थ या रोगाणु दस्त का कारण बन सकते हैं। ट्रैवलर्स डायरिया तब होता है जब आप खराब स्वच्छता या सफाई वाले नए वातावरण में यात्रा करते समय दस्त से पीड़ित होते हैं। डॉ सिंह ने कहा कि आप जो कुछ भी खाते हैं, वह डायरिया के लक्षणों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चूंकि, इस समस्या के होने पर शरीर में पानी की कमी हो जाती है, इसलिए खुद को जितना हो सके हाइड्रेटेड रखें। शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी और जूस का सेवन करें।

डायरिया से बचाव के लिए शुद्ध पानी पीएं, अच्छी तरह पका हुआ खाना खाएं, ताजा पके हुए गर्म खाने का सेवन करें,कच्चे भोजन का सेवन करने से बचें, चाय, कॉफी, सोडा, चॉकलेट आदि के सेवन से बचें। बचे हुए खाने को तुरंत फ्रिज में रख दें। बासी व बादी भोजन से हमें परहेज करना चाहिए।

# विकास के नाम पर आम जनता को प्रताड़ित न किया जाए- विजय वैश्य

प्रयागराज (आरएनएस)। सोमवार से ईदगाह डाट का पुल बंद होने की खबर समाचार पत्रों से जानकर भारतीय जनता पार्टी पार्षद दल के पूर्व मुख्य सचेतक विजय वैश्य ने व्यापारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मंडल रेल प्रबंधक के दिल्ली प्रवास होने के कारण अपर मंडल रेल प्रबंधक संजय सिंह व वरिष्ठ वाणिज्यिक मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु शुक्ला से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की देश व प्रदेश में सरकार है जो विकास चाहती है। इसके साथ ही सरकार यह भी चाहती है कि विकास के काम के साथ–साथ जन मानस को किसी भी प्रकार की मुसीबत का सामना न करना पड़े। उन्होंने रेलवे के अधिकारियों को बताया कि मानसरोवर से चंद्रलोक चौराहा, चंद्रलोक चौराहा से रामभवन चौराहा, राम भवन चौराहा से कोठापार्चा तथा कोठा पार्चा को डी रोड से मिलाने वाली सड़क को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने सड़क चौड़ीकरण के नाम पर बुरी तरह से कई महीनो से खोद रखा है। जिससे आम नागरिकों का आवागमन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। ऐसे में ईदगाह का डाट का पुल ही एक विकल्प के रूप में खुला था जिससे जन मानस निकल जाता था। यदि अब रेलवे इस मार्ग को 3 महीने के लिए बंद कर देगा तो आम नागरिक स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए बहुत बड़ी समस्या हो जाएगी। जिसका निरीक्षण रेलवे तथा प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारीगण स्वयं कर सकते हैं।श्री वैश्य ने आगे कहा कि आप लोग विकास प्राधिकरण से जानकारी प्राप्त करें कि क्या रोड चौड़ीकरण समाप्त करने की कोई समय सीमा प्राधिकरण ने निश्चित की है अथवा ठेकेदारों की दया पर प्राधिकरण ने जनता को छोड़ दिया है।

# शुक्रवार को भी जारी रही हाई कोर्ट के अधिवक्ताओं की हड़ताल

## देर शाम बैठक के बाद कार्य बहिष्कार के स्थगन का लिया निर्णय

प्रयागराज (आरएनएस)। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिशन का कार्य बहिष्कार शुक्रवार तीसरे दिन भी चला। शाम को इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने ऐलान किया कि वह आगे का कार्य बहिष्कार अब स्थगित करते हैं। बार एसोसिएशन की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया।इलाहाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी का कहना है कि चीफ जस्टिस हाईकोर्ट ने मांगों और परेशानियों को लेकर बार एसोसिएशन को आश्वासन दिया है। ऐसे में इसे स्थागित किया जाता है। अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा कि अब 29 जुलाई को कार्यकारिणी बैठक कर इस मामले पर आगे निर्णय लेगी। अध्यक्ष अनिल तिवारी व अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य न्यायाधीश इलाहाबाद हाईकोर्ट से यह आग्रह भी किया है कि ऐसे किसी अधिवक्ता का नाम न्यायमूर्ति के के रूप में प्रस्तावित न करें जो हाईकोर्ट बार एसोसिएशन या फिर अवध बार एसोसिएशन का सदस्य न हो। वकीलों के काम पर लौटने से वादकारियों को बड़ी राहत मिली है।इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इस बार कार्य बहिष्कार के मुद्दे पर काफी अडिग और सख्त है। यही वजह है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, सदस्य खुद निगरानी कर रहे हैं कि मजबूती से लड़ाई लड़ी जा सके।तीन दिनों से इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक भी मामले की सुनवाई न होने से हजारों केस लटक गए हैं। हालांकि जस्टिस कोर्ट आ रहे हैं, वह बैठ भी रहे हैं लेकिन उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। पूरे प्रदेश से आने वाले वादकारी वापस लौट रहे हैं। बहुत सारे वादकारी तो प्रयागराज में ही होटल, धर्मशाला में ठहर गए हैं ताकि एक दो दिन में हाईकोर्ट में सुनवाई शायद हो जाए। इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक दिन में 40 से 50 कोर्ट बैठती है। इन कोर्टों में हजारों केसों की सुनवाई होती है। सुनवाई की लंबी लिस्टिंग की वजह से महीनों तक नंबर ही नहीं लग पाता। ऐसे में जिन परिवारों के मामले हैं वह बेचौन हैं। उम्मीद कर रहे हैं कि कार्य बहिष्कार जल्द से जल्द खत्म हो जाए ताकि उनके मामलों की सुनवाई हो सके।

# स्व. कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे के सपा के प्रदेश अध्यक्ष

प्रयागराज (आरएनएस)। भारत रत्न, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, समाजवादी नेता स्व. कर्पूरी ठाकुर की आदम कद प्रतिमा का अनावरण आगामी 13 जुलाई को सुबह 11बजे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल करेंगे। उक्त जानकारी सपा के जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव ने देते हुये बताया है कि प्रदेश अध्यक्ष प्रतिमा अनावरण के बाद आयोजित पीडीए सम्मेलन को भी सम्बोधित करेंगे। इस मौके पर सपा एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, विधायक श्रीमती विजमा यादव, पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी, अमरनाथ मौर्य, धनीलाल श्रमिक सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक सपा लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव राजेश शर्मा के अनुसार स्व कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा जीवन जागृति सेवा संस्थान के कार्यालय परिसर भोपतपुर सहसों में स्थापित की गई है। सपा मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष श्री श्यामलाल पाल के स्वागत और सम्मान में सहसों के पास लालाबाजार में व्यापारी नेता अरविन्द केसरवानी के नेतृत्व में स्वागत समारोह एवं कवि सम्मलेन का आयोजन भी किया गया है जो साय 4 बजे से शुरू होगा।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।